मूल्य 2 रु.

रांची, बुधवार | 15 अप्रैल 2026 | वर्ष-27, अंक-73, पृष्ठ-12

वैशाख कृष्ण पक्ष 13, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पोईला बोइशाख की शुभकामनाएं

## रांची में अंबेडकर जयंती पर राज्यपाल गंगवार और मुख्यमंत्री सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

# बाबा साहेब ने देश को एक न्यायपूर्ण दिशा प्रदान की : गवर्नर


● समाज में व्याप्त भेदभाव तथा असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में अंबेडकर जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने बाबा साहेब के योगदान को याद किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश को ऐसा मजबूत संविधान दिया, जो लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के योगदान के कारण ही भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि बाबा साहेब ने देश को एक समावेशी और न्यायपूर्ण दिशा प्रदान की। उनके द्वारा निर्मित संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर दिया।

शेष पेज 11 पर





### बाबा साहेब का योगदान अविस्मरणीय : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बाबा साहेब का योगदान अविस्मरणीय है और उनके द्वारा निर्मित संविधान को पूरा देश नमन करता है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि बाबा साहेब एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने गरीब, पिछड़े, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने में अपना योगदान दें।




| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. | अधिक. |
| 35.2⁰ | 37.3⁰ |
| न्यून. | न्यून. |
| 18.0⁰ | 20.0⁰ |

## दृष्टिपात

### पलामू में डेढ़ दशक बाद पूरा होगा अमानत बराज का निर्माण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में लगभग डेढ़ दशक बाद पांकी अमानत बराज का निर्माण पूरा होने की उम्मीद जगी है। राज्य सरकार ने इसकी तकनीकी स्वीकृति दे दी है। 947 करोड़ रुपए में इसे पूरा किया जाएगा। अब तक इस योजना पर 341 करोड़ रुपए खर्च हो गए हैं। 608 करोड़ रुपए और खर्च करके इसे पूरा किया जाएगा। इसमें मुख्य कैनाल से बिना जमीन अधिग्रहण किए किसानों के खेतों तक भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा।

### तेज रफ्तार ट्रक का कहर, सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिमरिया-बगरा मार्ग स्थित बगरा चौक के पास सोमवार रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से स्थानीय निवासी मोहन ठाकुर (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने गोवा पेट्रोल पंप के पास से ट्रक को लावारिस हालत में जब्त कर लिया। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने बगरा चौक को जाम कर दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद करीब 16 घंटे बाद जाम समाप्त कराया गया और स्थिति सामान्य हो सकी।

### हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन ने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में की पूजा-अर्चना

# धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत : मुख्यमंत्री

● झारखंड वासियों की सुख समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की

● सीएम ने तपोवन मंदिर के नवनिर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने मंगलवार को रांची के निवारणपुर स्थित श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने समस्त झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ समय बिताया और धार्मिक व आध्यात्मिक वातावरण में अपनी सहभागिता दी। मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी की तपोवन मंदिर में उपस्थिति झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी दर्शा रही थी।

पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के नवनिर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। मौके पर श्री राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति, रांची के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मंदिर के नवनिर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की विस्तृत जानकारी दी।

सीएम हेमंत सोरेन ने मौके पर कहा कि सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। श्री राम जानकी तपोवन मंदिर का नवनिर्माण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि बाहरी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी विविध संस्कृति और परंपराओं में समाहित है। तपोवन मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों के विकास से राज्य की पहचान और मजबूत होगी। श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने सीएम हेमंत सोरेन का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से मंदिर का विकास तेजी से हो रहा है और इससे श्रद्धालुओं को विशेष लाभ होगा। मंदिर नव निर्माण समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि तपोवन मंदिर में आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सके। मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और विस्तार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण, मंदिर नव निर्माण समिति के प्रणय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



### नवनिर्मित मंदिर में अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, गुंबद की ऊंचाई 100 फीट होगी

रांची के निवारणपुर में स्थित श्री राम जानकी तपोवन मंदिर करीब 400 वर्ष पुरातन है। यह मंदिर भगवान राम के प्रति असीम आस्था का प्रतीक है। श्री राम जानकी तपोवन मंदिर का नवनिर्माण करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा है। नवनिर्माण कार्य पूरा होने में करीब तीन का समय लगेगा। मंदिर गोलाकार स्वरूप में होगा और इसके गुंबद की ऊंचाई 100 फीट होगी। इस मंदिर में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। मंदिर के के अंदर सभी देवी-देवताओं का दरबार सजेगा।

## जैक ने जारी किया 11वीं का परीक्षा परिणाम, 99.12 प्रतिशत छात्र सफल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को कक्षा 11वीं (इंटरमीडिएट) परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। यह परीक्षा राज्यभर में 25 फरवरी से 28 फरवरी 2026 के बीच आयोजित की गई थी। जैक मुख्यालय, रांची में आयोजित कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वरिष्ठ सूचना पदाधिकारी (एसआईओ) की उपस्थिति में परिणाम जारी किया। जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष कुल 3,61,683 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था, जिनमें से 3,58,533 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 3,55,399 विद्यार्थियों को सफल घोषित किया गया। इस प्रकार कुल 99.12 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जो राज्य के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।




सभी प्रमंडलों और जिलों में बेहतर रहा है इस वर्ष का रिजल्ट

शेष पेज 11 पर

## झारखंड जगुआर के जवान की बेड़ो झरिया मार्ग पर दुर्घटना में गई जान

● लोहरदगा के कैमो महुआ टोली गांव में पसरा मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बेड़ो-झरिया मार्ग पर सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में झारखंड जगुआर के जवान प्रकाश मिंज (32 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक जवान लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के कैमो महुआ टोली का निवासी था। इस घटना के बाद से मृतक के गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। जानकारी के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि जवान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिलाध्यक्ष शमसूल अंसारी देर रात करीब 1 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पुलिस प्रशासन और झारखंड जगुआर के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सम्मान के साथ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को उनके पैतृक गांव लाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार संपन्न होगा। घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष शमसूल अंसारी ने कहा, प्रकाश मिंज मेरे पड़ोसी थे।

शेष पेज 11 पर

## चतरा में 1 करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद

● नामजद आरोपी फरार गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। लावालौंग थाना क्षेत्र के रिमी पंचायत अंतर्गत खाखर गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने खाखर गांव में दबिश देकर आरोपियों के घरों की तलाशी ली। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 8.700 किलोग्राम गीली अफीम, 370 किलोग्राम डोडा, 109 किलोग्राम पोस्ता दाना बरामद किया।




शेष पेज 11 पर

## मांडर के टोल प्लाजा पर विवाद के बाद हिंसा, कई घायल

● प्राथमिकी दर्ज, टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मांडर थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा पर सोमवार की देर रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बारात में जा रहे 50-60 लोगों की बेकाबू भीड़ ने टोल प्लाजा पर धावा बोलकर टोल प्लाजा के कर्मियों की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में टोल प्लाजा के मैनेजर सहित छह से ज्यादा कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मांडर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने टोल मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने कहा कि टोल प्लाजा पर हमला हुआ है। मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत टोल पार करने के दौरान हुई एक मामूली कहासुनी से हुई।

### घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया





शेष पेज 11 पर

**कामयाबी** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता की प्रेरणादायक उपलब्धि

# कुणाल षाड़ंगी माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंचे

● पूर्व विधायक षाड़ंगी ने कठिन परिस्थितियों में पूरी की रोमांचक यात्रा

● कहा, यह जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण और यादगार यात्राओं में से एक

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पूर्व विधायक और प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक सफलतापूर्वक पहुंचकर एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की है। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा निवासी षाड़ंगी ने मंगलवार को अपने इस साहसिक अभियान के अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा उनके जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण और यादगार यात्राओं में से एक रही। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचना केवल शारीरिक ताकत का नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता का भी बड़ा इम्तिहान होता है। इस यात्रा के दौरान उन्हें बर्फ से ढके दुर्गम रास्तों, शून्य से नीचे तापमान, तेज हवाओं और कम ऑक्सीजन जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर सांस लेने में कठिनाई और थकान के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस ट्रेक ने उन्हें खुद को करीब से जानने और अपनी सीमाओं को परखने का मौका दिया। हर कदम पर चुनौती थी, लेकिन हर चुनौती ने उन्हें और मजबूत बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की यात्राएं व्यक्ति को धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास सिखाती हैं।



### संकल्प मजबूत व लक्ष्य स्पष्ट हो तो हर कठिनाई पर विजय संभव

झामुमो नेता कुणाल षाड़ंगी की इस उपलब्धि की क्षेत्र में काफी चर्चा है। लोग इसकी सराहना कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन में नए-नए अनुभवों को अपनाएं और चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका डटकर सामना करें। उनका संदेश स्पष्ट है कि यदि संकल्प मजबूत हो और लक्ष्य स्पष्ट हो, तो किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है।

## रांची कोषागार में भी घोटालेबाजों ने लगाई सेंध, 3 करोड़ का गबन

### एफआईआर दर्ज, हिरासत में लिए गए दो कर्मी

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** राज्य में कोषागारों से फर्जी निकासी के सिलसिले में एक और बड़ा मामला सामने आया है। हजारीबाग और बोकारो के बाद अब रांची ट्रेजरी से भी करीब 3 करोड़ रुपए की अवैध निकासी का खुलासा हुआ है। कांके स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल हेल्थ एंड प्रोडक्शन के दो कर्मियों पर वेतन मद में हेरफेर कर 2.94 करोड़ रुपए निकालने का आरोप है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर कार्यकारी मजिस्ट्रेट मो जफर हसनात ने कोतवाली थाने में मंगलवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। खबर है कि इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो कर्मियों को हिरासत में लिया है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, संस्थान के अकाउंटेंट मुनींद्र कुमार और कर्मचारी संजीव कुमार ने आपसी मिलीभगत से इस गबन को अंजाम दिया। आरोप है कि मुनींद्र कुमार ने अपने दो अलग-अलग बैंक खातों में कुल 1.52 करोड़ रुपए और संजीव कुमार ने अपने खाते में 1.41 करोड़ रुपए अवैध रूप से ट्रांसफर किए। शेष पेज 11 पर

## भाजपा ने राज्यपाल से की मुलाकात

# उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** उत्पाद सिपाही परीक्षा में पेपर लीक के गंभीर आरोपों को लेकर राजनीति गरमा गई है। भाजपा के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रांची स्थित लोक भवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की और राज्य की भर्ती एजेंसियों जेएसएससी और जेपीएससी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में कई विधायक और पार्टी के प्रमुख नेता शामिल थे। राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 12 अप्रैल 2026 को हुई झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी की उत्पाद सिपाही परीक्षा में गड़बड़ी के गंभीर संकेत मिले हैं। रांची के तमाड़ में एक निर्माणाधीन भवन से अभ्यर्थियों को उत्तर रटवाने की बात सामने आई है। यहां से बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से कंप्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप और संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद हुए। भाजपा ने इसे संगठित परीक्षा माफिया से जुड़ा मामला बताया है। यह परीक्षा आठ जिलों के 370 केंद्रों पर 583 पदों के लिए आयोजित हुई थी। इसमें करीब 1.48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। एक केंद्र पर इतनी बड़ी कार्रवाई के बाद अन्य केंद्रों पर भी गड़बड़ी की आशंका जताई गई है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि इतने सबूतों के बावजूद जेएसएससी पेपर लीक से इनकार कर रहा है, जो संदेह पैदा करता है। भाजपा ने जेएसएसी और जेपीएससी की पिछली परीक्षाओं में भी गड़बड़ियों का जिक्र किया है। पार्टी का कहना है कि इससे भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि पहले के मामलों में अनियमितताओं को उजागर करने वालों पर ही कार्रवाई हुई। ज्ञापन में सात प्रमुख मांगें रखी गई हैं। इनमें सीबीआई जांच, सॉल्वर गैंग की अंतर्राज्यीय जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, अभ्यर्थियों को न्याय, जेपीएस परीक्षाओं में पारदर्शिता, पिछले छह वर्षों की परीक्षाओं की जांच और भविष्य में सख्त सुधार शामिल हैं।

### भाजपा ने हर परीक्षा को बाधित करने का प्रयास किया : लाल किशोर



लाल किशोर नाथ शाहदेव ने जेएसएससी परीक्षा को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा राज्यपाल से की गई मुलाकात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे बीजेपी का राजनीतिक ढोंग करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से हर परीक्षा को बाधित कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया जाता है। जब भी कोई परीक्षा जेपीएससी या जेएसएससी की ओर से आयोजित की जाती है तो इस विवादास्पद बनाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आयोग की ओर से पहले ही साफ किया जा चुका है कि प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ है। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 166आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में भाजपा पूरी तरह से हताशा में है। आज जो शिष्टमंडल राज्यपाल से मिलने गया था, वह राज्य के युवाओं के भविष्य के प्रति चिंतित नहीं, बल्कि केवल सुर्खियां बटोरने के लिए एक सुनियोजित राजनीतिक नाटक कर रहे है। भाजपा का यह दोहरा चरित्र जनता बखूबी समझ रही है।

# डीजी ने मुख्यमंत्री को अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैज लगाया

## अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना सराहनीय कार्य

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा एमएस भाटिया ने भेंट की तथा 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के अवसर पर उन्हें बैज लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अग्निशमन विभाग के कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के तहत राज्य में अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना एक सराहनीय कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निशमन सेवा के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। आपदा के समय अग्निशमन सेवा कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। राज्य सरकार द्वारा अग्निशमन सेवा से जुड़े संसाधनों को निरंतर मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीसीएल मुख्यालय में बाबा साहेब को दी गई श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के आयोजन में एससी, एसटी, बीसी समन्वय परिषद, सीआईएसटीईए और ओबीसी परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात मुख्यालय परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारत को ऐसा संविधान प्रदान किया, जिसने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि हम आज उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। "किसी भी देश का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब उसके नागरिक शिक्षित, जागरूक और सशक्त हों।" इस विचार को आत्मसात करते हुए हमें अपने कार्यों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती

# बाबा साहब का संविधान निर्माण में महत्ती योगदान : आदित्य साहू

- डॉ. भीमराव ने देश के गरीब, वंचित समाज को दी ताकत : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि बाबा साहेब ने न सिर्फ भारतीय संविधान के निर्माण में महत्ती योगदान दिया, बल्कि स्वतंत्र भारत को लोकतांत्रिक व न्याय व्यवस्थित बनाया। उन्होंने संविधान के पन्नों पर देश की प्रगति और करोड़ों लोगों का उत्थान लिखा। मोदी सरकार आज उनके ही सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए देश के हर वर्ग के विकास को लेकर संकल्पित है। बाबा साहब का संघर्ष, उनके आदर्श और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

वहीं बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और एक न्यायपूर्ण व्यवस्था की नींव रखी। बाबासाहब के आदर्शों को आत्मसात कर हम एक ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लें, जिससे समानता, न्याय और बंधुत्व की भावना सुदृढ़ हो। बाबा साहब के समता, न्याय व मानवता के सिद्धांत देशवासियों के लिए सदा अनुकरणीय रहेंगे। संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने देश के गरीब, वंचित समाज को ताकत देने का काम किया।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, पूर्व विधायक किशुन दास,सूरज चौरसिया ,प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, कमाल खां, प्रेम मित्तल, दीनदयाल बरनवाल, संदीप वर्मा, शोभा यादव, रमेश सिंह, सुनील साहू, अरुण झा, उषा पांडे, राजश्री जयंती, चंद्रप्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### डोरंडा में आंबेडकर चौक पर भी दी गई श्रद्धांजलि

वहीं डोरंडा अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने इंद्रजीत महतो का जाना कुशल क्षेम



**रांची।** हैदराबाद में लगभग पिछले पांच वर्षों से इलाजरत रहे सिंदरी के पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो के झारखंड आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एवं केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची हवाई अड्डा पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने उनके जल्द से जल्द पूर्ण रूप से स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ताकि वे पुनः स्वस्थ होकर पहले की भांति समाज की सेवा में सक्रिय हो सकें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह बहुत अच्छी खबर है कि वे अब अपनी जन्मभूमि पर आ चुके हैं। ईश्वर इन्हें यथाशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। वहीं केंद्रीय मंत्री ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। इस दौरान इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी सहित उनके परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## सेल सैटेलाइट कॉलोनी में अंबेडकर जयंती मनाई गई



**रांची।** सेल रांची इकाइयों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कर्मचारी सपरिवार सेल सैटेलाइट कॉलोनी स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित हुए और राष्ट्र एवं मानवता के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को कार्यपालक निदेशकों एसके वर्मा, एसके कर, दीपक जैन एवं संजय धर ने संबोधित किया। सभी निदेशकों ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं और मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान को श्रद्धांजलि दी गई। एसजे जाचुक, सीजीएम (एचआर) ने स्वागत भाषण दिया, जबकि एस. के. मेहर, एजीएम (सीईटी) ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## बोकारो वन भूमि घोटाला में सीआईडी ने जांच धीमी : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बोकारो वन भूमि घोटाले को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में 500 करोड़ रुपए से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा हुआ है, जो संगठित भ्रष्टाचार को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सीआईडी की जांच धीमी और सीमित रही, जबकि ईडी ने कम समय में पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। शाहदेव ने कहा कि शेल कंपनियों और प्रभावशाली लोगों के जरिए वन भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त की गई। भाजपा ने सवाल उठाया कि इतने बड़े घोटाले में जांच केवल निचले स्तर के अधिकारियों तक ही क्यों सीमित है और उच्च स्तर के लोगों की भूमिका की जांच क्यों नहीं हो रही।

## सम्राट चौधरी बहुत ही मेहनती और प्रतिबद्ध नेता हैं : संजय सेठ

रांची (आईएएनएस)

केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है और उनकी तारीफ की है।



उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुनकर एक अच्छा कदम उठाया गया है। वो एक प्रतिबद्ध और मेहनती नेता हैं, मैंने उन्हें काफी करीब से देखा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जिस सुशासन की नींव नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में बिहार में रखी थी, उसे सम्राट चौधरी बखूबी आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मुझे उन पर पूरा भरोसा है। उन्होंने दावा किया कि सम्राट चौधरी बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वो एक मेहनती नेता हैं। उनके अंदर हमेशा से ही बिहार को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता देखने को मिली है। मुझे पूरा विश्वास है कि वो आगामी दिनों में दोहरी गति से बिहार को विकास के पथ पर अग्रसर करने का काम करेंगे। वो कभी बिहार के विकास के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने सम्राट चौधरी के साथ काम किया है। मैंने उन्हें करीब से देखा है कि वो बिहार के लोगों के हितों के बारे में कितना सोचते हैं। उन्होंने हमेशा यही सोचा है कि कैसे प्रदेश के लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का दायरा बढ़ाया जाए। ऐसी स्थिति में मुझे पूरा विश्वास है कि वो आगामी दिनों में इसी तरह से बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे। उसके साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि हमने देखा है कि वे कैसे जनता से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर भी गंभीर हो जाते हैं। इसके बाद तत्काल उस समस्या के निवारण का निर्देश देते हैं। यह एक बहुत अच्छी चीज है, जिसे मैंने करीब से उनके अंदर देखा है। वे हमेशा से ही जनता के हितों को लेकर प्रतिबद्ध रहे हैं।

## क्षेत्रीय दलों को भाजपा से सावधान रहने की जरूरत : महुआ माझी

रांची (आईएएनएस)

जेएमएम की सांसद महुआ माझी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे पर भाजपा पर जोरदार हमला बोला।



उन्होंने क्षेत्रीय दलों से अपील की है कि भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। सांसद महुआ माझी ने कहा कि भाजपा का यही चाल-चरित्र शुरू से देखने को मिल रहा है। जिस भी क्षेत्रीय पार्टी ने भाजपा पर भरोसा किया और उसके साथ गठबंधन किया, उसका अस्तित्व लगभग खत्म कर दिया गया। महुआ माझी ने ओडिशा का जिक्र करते हुए कहा कि आपने ओडिशा में बीजेडी को देखा। बीजेडी ने भाजपा को समर्थन दिया, लेकिन भाजपा ने उनके साथ विश्वासघात किया। उनके कई सांसदों को इस्तीफा दिलाकर अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। बिहार में जनादेश नीतीश कुमार को मिला था, लेकिन उन्हें राज्यसभा भेजकर निष्क्रिय करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाएगी। यह तो सीधे तौर पर जनता के जनादेश का अपमान है। महिला आरक्षण बिल पर महुआ माझी ने कहा कि समर्थन तो हमारा शुरू से ही था। जब यह बिल आया, उससे पहले भी हमने बार-बार महिला आरक्षण की मांग की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया। उस समय सभी महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई थी कि आगामी चुनावों में उन्हें आरक्षित सीटें मिलेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाद में कहा गया कि यह आरक्षण 2029 में लागू होगा। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर महुआ माझी ने कहा कि महिलाओं के प्रति समाज में न्याय की बात सबसे पहले बाबा साहेब ने ही कही थी। आज शायद उन्हीं के प्रयासों का फल है कि महिलाएं इतना आगे बढ़ चुकी हैं।

## चैंबर की बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग बना प्रभावी मंच, व्यापारिक सहयोग को मिल रही नई गति

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा वर्तमान सत्र में प्रारंभ की गई बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग की श्रृंखला अब व्यापारिक सहयोग का एक प्रभावी मंच बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से सदस्यों के बीच आपसी संवाद, विश्वास एवं व्यवसायिक संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को चैंबर भवन में आयोजित बैठक में सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों ने अपने व्यवसाय की विशेषताओं एवं सेवाओं की जानकारी साझा की, जिससे पारस्परिक समझ विकसित हुई और संभावित व्यापारिक अवसरों के नए द्वार खुले। इस पहल की विशेषता यह रही कि कई सदस्यों के बीच सीधे संवाद के माध्यम से त्वरित व्यापारिक समझौते हुए, वहीं कुछ सदस्यों ने दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। पूर्व में आयोजित बैठकों के सकारात्मक अनुभवों को साझा करते हुए सदस्यों ने बताया कि इस मंच ने उनके व्यवसाय को नई गति प्रदान की है। उपाध्यक्ष राम बांगड़ ने कहा कि सभी जोनल आरवीपी के माध्यम से राज्य के सभी व्यापारियों तक बिजनेस एक्सचेंज प्लेटफॉर्म पहुचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। चैंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि यह पहल सदस्यों के लिए केवल परिचय का माध्यम नहीं, बल्कि व्यावहारिक व्यापारिक अवसरों का सशक्त प्लेटफॉर्म है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह की नियमित बैठकों से स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और सदस्यों के बीच सहयोग और अधिक बढ़ेगा। उपाध्यक्ष राम बांगड़ ने आगे कहा कि चैंबर की महिला सदस्यों के लिए भी बिजनेस एक्सचेंज के तहत एक व्यापक योजना तैयार की जा रही है,जिसकी बैठक जल्द आयोजित की जाएगी, जिसमें विशेष छूट एवं प्रोत्साहन प्रावधान शामिल किए जाएंगे। उप समिति के चेयरमैन अमित मिश्रा ने कहा कि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। "लोकल से वोकल" की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में इस प्रकार की बैठकों को और अधिक व्यापक बनाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक सदस्यों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, रोहित कुमार, रमेश कुमार साहू, डॉ० प्रदीप कुमार, अमित मिश्रा, शिवाक्ष रोहतगी, रवि रोहतगी, आलोक सिंह, आस्था किरण, सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

### जुटी हजारों महिलाएं, सम्मेलन के बाद पदयात्रा कर बापू वाटिका पहुंची नारीशक्ति

# पंचायत से पार्लियामेंट तक निर्णय में नारी की भागीदारी : सेठ

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर रांची में भव्य सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें हजारों महिलाओं की सहभागिता रही। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर उपस्थित जनसमूह ने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। "पंचायत से पार्लियामेंट तक, निर्णय में नारी, नव भारत की तैयारी" थीम पर आधारित यह कार्यक्रम पूर्णतः नारी शक्ति को समर्पित रहा, जिसमें महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी ने इसे उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम का आयोजन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, रांची की महापौर रोशनी खलखो, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सरोज शर्मा, विनीता सिंघानिया (पूर्व अध्यक्ष, समर्पण संस्था), विजयश्री साबू (अध्यक्ष, महिला माहेश्वरी सभा) तथा राष्ट्रीय कवयित्री व लेखिका पुष्पा सहाय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन उषा जालान ने किया।

सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तथा उपस्थित महिलाओं का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। साथ ही, महिलाओं को दिए गए आरक्षण के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का माहौल पूर्णतः प्रेरणादायी एवं ऊर्जा से परिपूर्ण रहा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आज की नारी समाज और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

श्री सेठ ने इस अवसर पर कहा कि नवभारत की नारी को पंचायत से पार्लियामेंट तक निर्णय में भागीदारी देनी है। इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह अधिनियम लाया है। यह सिर्फ अधिनियम नहीं है, यह इस सपने के पूरा होने जैसा है जो आजादी के बाद हमारे देश की मातृशक्ति देखती थीं। श्री सेठ ने कहा कि यह भव्य आयोजन न केवल नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक बना, बल्कि यह संदेश भी दिया कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### महिलाओं ने निकाली पदयात्रा

सम्मेलन के उपरांत आर्यभट्ट सभागार से एक पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों महिलाओं ने भाग लिया। यह पदयात्रा मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका तक निकाली गई, जहां सभी ने राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित किए और नारी सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया।

## नारी शक्ति वंदन बिल पर सरकार की मंशा संदिग्ध : सतीश मुंजनी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने नारी शक्ति वंदन बिल (महिला आरक्षण बिल) को लेकर केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय विशेष सत्र में जिस महत्वपूर्ण बिल को पारित कराने की बात की जा रही है, उसका मसौदा मंगलवार 14 अप्रैल तक भी विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं कराया गया है।श्री मुंजनी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। इतना महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला विधेयक बिना पूर्व सूचना और बिना मसौदा साझा किए लाया जाना यह दर्शाता है कि सरकार स्वस्थ बहस और सार्थक विचार-विमर्श से बचना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावटी तरीके से महिला सशक्तिकरण का संदेश देना चाहती है, जबकि वास्तविकता में वह विपक्ष को बिना तैयारी के सदन में लाकर बहस को सीमित करना चाहती है। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सभी दलों के बीच व्यापक चर्चा, सुझाव और सहमति आवश्यक है। लेकिन केंद्र सरकार की जल्दबाजी और गोपनीयता यह संकेत देती है कि उसकी प्राथमिकता पारदर्शिता नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ उठाना है। सरकार की मंशा महिलाओं की हित में है तो तुरंत इस बिल का विस्तृत मसौदा सभी विपक्षी दलों को उपलब्ध कराए, ताकि सदन में सार्थक और ठोस बहस हो सके और देश की महिलाओं के हित में एक मजबूत और प्रभावी कानून बनाया जा सके।

### राज्यपाल से मिलीं रांची विश्वविद्यालय की कुलपति

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पुस्तकें की भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से लोकभवन में सादर शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात शैक्षणिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें उच्च शिक्षा के विविध आयामों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

इस अवसर पर प्रो. सरोज शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं प्राचीन भारतीय विज्ञान विषय पर अपनी लिखित पुस्तकों की प्रतियां को विनम्रतापूर्वक भेंट कीं। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों में भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत, प्राचीन वैज्ञानिक उपलब्धियों और पारंपरिक ज्ञान की व्यापक व्याख्या की गई है, जो आज के आधुनिक शिक्षा तंत्र में भी प्रासंगिक है। कुलपति ने इस दौरान विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक सुधार, अनुसंधान गतिविधियों और नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में शामिल करने और छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।



#### भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने की जरूरत: राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रो. शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को इस दिशा में और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया, ताकि युवा पीढ़ी अपनी विरासत से परिचित हो सके और उसे आगे बढ़ा सके। इस मुलाकात के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार, शोध को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह शिष्टाचार भेंट न केवल औपचारिक रही, बल्कि इसमें शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं और दिशा को लेकर सार्थक संवाद भी देखने को मिला।

### रांची स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

## आरपीएफ की सतर्कता से बची यात्री की जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान फिसलकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच जा गिरा। कुछ सेकंड के भीतर ही वह ट्रेन के साथ घिसटने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के वक्त प्लेटफॉर्म पर मौजूद आरपीएफ कांस्टेबल गौरव ने बिना समय गंवाए तेजी से कार्रवाई की। उन्होंने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत यात्री को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आसपास खड़े यात्रियों ने भी राहत की सांस ली और जवान की सराहना की।

**धनबाद के रहने वाले हैं घायल यात्री**

बचाए गए यात्री की पहचान मोहम्मद नसरुद्दीन (61 वर्ष), निवासी पाथाडीह, धनबाद के रूप में हुई है। वे Train 13320 Express से रांची से धनबाद जा रहे थे। घटना में उन्हें हल्की चोटें आईं, जिसके बाद मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया।

### सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र ने रचा इतिहास

## उत्पादन व डिस्पैच में बनाया नया रिकॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बरका-सयाल क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्थापना काल से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कोयला उत्पादन, ओबीआर और डिस्पैच में नई ऊँचाइयां हासिल की हैं।

इस अवधि में कोयला उत्पादन 87.43 लाख टन रहा, जो निर्धारित लक्ष्य का 97% है और पिछले वर्ष की तुलना में 8% अधिक है। ओबीआर 236.79 लाख क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया, जो लक्ष्य का 146% है तथा इसमें 38% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वहीं कंपोजिट उत्पादन 292.75 लाख क्यूबिक मीटर (133%) और कुल डिस्पैच 80.4 लाख टन रहा, जिसमें 5% की वृद्धि दर्ज की गई। रैक डिस्पैच की संख्या 2063 रही, जो पिछले वर्ष के 1725 की तुलना में 20% अधिक है।

बरका-सयाल क्षेत्र ने 16.2 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबी हटाने के वार्षिक लक्ष्य को 16 दिसंबर 2025 को ही, निर्धारित समय से 105 दिन पहले हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। साथ ही 14 दिसंबर 2025 को एक दिन में 1.0 लाख क्यूबिक मीटर ओबी हटाने का नया रिकॉर्ड भी बनाया गया।

नॉर्थ उरीमारी सीएचपी - एसआईएलओ जो सीसीएल का एकमात्र एफएमसी प्रोजेक्ट है, ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 47.02 लाख टन डिस्पैच दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 62% अधिक है। रैक संख्या 755 से बढ़कर 1193 हो गई, जो 58% की वृद्धि दर्शाती है। साथ ही बिरसा/नॉर्थ उरीमारी प्रोजेक्ट की क्षमता 4.5 एमटीवाई से बढ़ाकर 6 एमटीवाई करना भी एक बड़ी उपलब्धि रही।

सतत विकास की दिशा में क्षेत्र ने एफएमसी के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल कोयला परिवहन को बढ़ावा दिया, जिससे सड़क परिवहन और वाहन उत्सर्जन में कमी आई। बलकुदरा ओबी डंप पर इको-पार्क का निर्माण कर इसे एक हरित मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित किया गया है।

# झारखंड में चढ़ा गर्मी का पारा

### रांची का पारा 35 डिग्री के ऊपर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। रांची स्थित मौसम केंद्र की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य के आसपास या उससे थोड़ा ऊपर दर्ज किया गया है। जबकि बारिश का सिलसिला पूरी तरह थमा हुआ है।

रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक आने वाले दिनों में 3 से 5 डिग्री तक पारा और चढ़ेगा। उनके मुताबिक 17 अप्रैल को राज्य के उत्तर पश्चिमी और उससे सटे मध्य भाग में हीट वेव की स्थिति बनती दिखेगी। इसका असर पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में दिखेगा। इसी बीच संथाल में छिटपुट बारिश भी होगी। वहीं, 18 अप्रैल को कोल्हान और उससे सटे हुए दक्षिणी भाग में हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना बनी हुई है।

राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 2.8 डिग्री कम दर्ज हुआ।

**जमशेदपुर का पारा 40 डिग्री के करीब**

अगर प्रमुख शहरों की बात करें तो जमशेदपुर सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चाईबासा में भी पारा 39.4 डिग्री तक पहुंचा। डाल्टनगंज में 38.8 डिग्री और बोकारो में 37.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

#### तापमान में लगातार इजाफा

पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। रांची में अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री की बढ़ोतरी हुई, जबकि जमशेदपुर में 0.6 डिग्री की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर डाल्टनगंज और बोकारो में तापमान में मामूली गिरावट देखी गई।

#### सबसे कम तापमान गुमला में

न्यूनतम तापमान की बात करें तो राज्य में सबसे कम तापमान गुमला में 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा।



17 अप्रैल को हीट वेव की चेतावनी

**आज / कल**




## झारखंड अगेंस्ट करप्शन ने राज्य से भ्रष्टाचार उन्मूलन का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रेस क्लब में झारखंड अगेंस्ट करप्शन द्वारा केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक सह अम्बेडकर जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव मुण्डा ने की, जबकि समाजसेवी डॉ कयूम अंसारी और काउंसलर अंशु माला विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक में संगठन की भूमिका और भ्रष्टाचार नियंत्रण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष दुर्गा उरांव मुंडा ने कहा कि संगठन के माध्यम से समाज को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आम जनता को राहत दिलाने का काम जारी है। संयोजक चितरंजन कुमार ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल्द ही पंचायत से लेकर केंद्रीय स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील पटेल, संगठन मंत्री डॉ वकील अहमद, निपू सिंह, मो अशजद, कोषाध्यक्ष सुजीत महतो, प्रवक्ता शैलेश कुमार, सदस्य रंगनाथ चौबे, असीम अख्तर, दयानंद सिंह, संगठन महामंत्री रीतेश साहु, बिट्टू सिंह, प्रवीण कुमार साहु, निरंजन ठाकुर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### पना संक्रांति में ओड़िया समुदाय की झलकी संस्कृति

**रांची।** रांची के ओड़िया समुदाय के सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन उत्कलिका ने मंगलवार को पना संक्रांति व ओड़िया नववर्ष मनाया। इसमें ओड़िया समुदाय के महिला-पुरुषों ने पारंपरिक पना (शरबत) तैयार कर धार्मिक व सांस्कृतिक भावनाओं के साथ उत्सव मनाया। भगवान महादेव को पना अर्पित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष डॉ. प्रसन्न प्रधान ने ओड़िया समुदाय में एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। सचिव डॉ अशोक आचार्य ने कहा, यह पर्व ओडिशा की परंपरा व प्रकृति के साथ गहरे संबंध को दर्शाता है।

## श्री श्याम मंदिर में 199वां सुंदरकांड पाठ संपन्न, भक्ति गीतों से गूंजा हरमू रोड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 199वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर "राम सिया राम" के भजन और बजरंग बली के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

मंडल के प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल के मार्गदर्शन में अखंड ज्योति एवं पूजन के सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना और फल का भोग अर्पित किया। साथ ही श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा कर पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक और ढपली की मधुर धुन पर श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद श्री हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का संगीतमय पाठ कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम के दौरान भजनों का भी गायन किया गया। अंत में महाआरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन में श्रवण ढानढनिया, पुष्पा देवी पोद्दार, मुकेश मित्तल और राजेश जायसवाल सहित कई श्रद्धालुओं ने प्रसाद सेवा में योगदान दिया।



## मारवाड़ी सम्मेलन ने सर्राफ को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन और झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में कई समाजसेवा, संगठनात्मक मजबूती और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इस दौरान मारवाड़ महोत्सव के सफल आयोजन एवं मीडिया क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका के लिए संजय सर्राफ की सराहना की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संजय हरलालका (कोलकाता) और पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने संजय

## यज्ञा बाबा आश्रम में शिवलिंग पर घट परिवर्तन अनुष्ठान संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आमरकुंज मोरहाबादी स्थित श्री यज्ञा बाबा आश्रम के दुर्गा मंदिर प्रांगण में मंगलवार को धार्मिक आस्था का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर निरंतर जलाभिषेक करने के लिए स्थापित घड़े (घट) का विधिवत परिवर्तन वैदिक मंत्रोच्चार एवं रुद्रपाठ के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य महंत श्री भरतदास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न अनुष्ठान में मुख्य पुजारी विकास पांडेय सहित अन्य पुजारियों ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। धार्मिक मान्यता के अनुसार शिवलिंग पर स्थापित घट का समय-समय पर परिवर्तन शुद्धता एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र आदि से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालूओं के बीच आस्था, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक चेतना का सशक्त भाव जागृत हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशुतोष द्विवेदी, मुख्य पुजारी विकास पांडेय, समाजसेवी आकाश दीप सहित कई गणमान्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



## गुरुद्वारे में सजे विशेष दीवान, गूंजी गुरुवाणी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से मंगलवार को खालसा सिरजना दिवस मनाया गया। पीपी कंपाउंड स्थित श्री गुरुनानक स्कूल में विशेष दीवान सजाया गया। सुबह नौ बजे समूह संगत की ओर से किए गए श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी के श्री सहज पाठ की समाप्ति की गई। इसके बाद गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई भरपूर सिंह की ओर से गुरुवाणी कीर्तन गायन किया गया। गुरुद्वारा साहिब के महासचिव व हेड ग्रंथी भाई विक्रम सिंह ने श्री सहज पाठ करने वाले संगत को सरोपा देकर सम्मानित किया। इसमें नेहा कौर, हरप्रीत कौर, खेम कौर, परमजीत कौर शामिल हैं। कथा वाचक भाई सतनाम सिंह पंजोखरा साहिब ने खालसा पंथ की सिरजना के बारे में विस्तार से बताया। महान रागी जत्था साहिब भाई जगजीत सिंह बबीहा की गुरुवाणी शब्द कीर्तन गायन पर श्रद्धालु भक्ति की सागर में डूब गए। आनंद साहिब जी का पाठ कर दीवान की समाप्ति की गई। भाई विक्रम सिंह की ओर से अरदास कर दीवान की समाप्ति की गई।गुरु के दरबार में मत्था टेकागुरुद्वारा साहिब के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने सभी संगत को खालसा सिरजना दिवस बैसाखी की लख-लख बधाई दी। गुरु का आशीर्वाद लेने राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, महापौर रौशनी खलखो, विधायक सीपी सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मथारू, पार्षद सरदार परमजीत सिंह टिंकू आदि भी पहुंचे।

### गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 8 महीने की गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार की बताई जा रही है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतका की पहचान पूजा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात दूध को लेकर सास और बहू के बीच कहासुनी हुई थी। हालांकि, उस समय परिवार के अन्य सदस्यों ने मामला शांत करा दिया था। इसके बावजूद मंगलवार को महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में सिटी डीएसपी ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।

### युवक के खाते से उड़ाए 1.50 लाख

**रांची।** दीपाटोली निवासी सुजीत कुमार के खाते से साइबर साइबर अपराधियों ने 1.50 लाख की अवैध निकासी कर ली। सुजीत ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सुजीत ने पुलिस को बताया कि आठ अप्रैल को उनके मोबाइल पर राशि निकासी का मैसेज आया। उनका कहना है कि राशि निकासी से पहले न तो उन्होंने किसा को खाते की जानकारी दी थी और न ही ओटीपी ही आया था। उनके क्रेडिट कार्ड से ब्लींककीट से डेढ़ लाख रुपए की खरीदारी कर ली गई। अब तक पुलिस को साइबर ठगों की कोई जानकारी नहीं मिली है।

# गुरुद्वारे में मनाया गया 'खालसा सजना दिवस

- 18-19 अप्रैल को कीर्तन दरबार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातु रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी के गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में मंगलवार को खालसा साजना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष दीवान सजाया गया, जिसकी शुरुआत सुबह हजूरी राजी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा आसा दी वार के कीर्तन से हुई। कीर्तन के दौरान उन्होंने "खालसा मेरो रूप है खास", "देह सिवा बरु मोहि इहै" और "वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला" जैसे शबदों का गायन कर संगत को गुरबाणी से जोड़ा। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और संगत ने श्रद्धापूर्वक कीर्तन का श्रवण किया।



गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्दर सिंह जी ने कथा वाचन करते हुए बताया कि वर्ष 1699 में बैसाखी के दिन श्री केशगढ़ साहिब, आनंदपुर में दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने पांच प्यारों को अमृत छकाकर खालसा की नींव रखी और स्वयं भी उनसे अमृत ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि यह घटना सिख इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

कार्यक्रम के अंत में श्री आनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकुमनामा और कढ़ाह प्रसाद के वितरण के साथ विशेष दीवान का समापन हुआ। सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिड्ढा और सचिव सुरेश मिड्ढा ने संगत को खालसा साजना दिवस की बधाई दी। मंच संचालन मनीष मिड्ढा ने किया।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा और गुरु नानक सेवक जत्था के संयुक्त तत्वावधान में बैसाखी एवं श्री गुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर 18 और 19 अप्रैल को दसवां महान कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले 17 अप्रैल को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब से दर्शन दिउड़ी गेट तक भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इसमें पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी पूरे क्षेत्र में भ्रमण करेगी। नगर कीर्तन के दौरान कीर्तन मंडली शबद गायन करेगी और विभिन्न स्थानों पर संगत द्वारा स्वागत किया जाएगा। 18 अप्रैल की रात और 19 अप्रैल की सुबह विशेष दीवान सजाए जाएंगे, जिनमें पटना साहिब से आए प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई सरबजीत सिंह जी संगत को शबद कीर्तन से निहाल करेंगे। 19 अप्रैल को गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा परिसर के बेसमेंट में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। दोनों दीवानों के बाद गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। इस अवसर पर द्वारका दास मुंजाल, नरेश पपनेजा, अमरजीत गिरधर, अश्विनी सुखीजा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## थैलेसीमिया पीड़ितों ने सरकार से की घोषणाएं लागू करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला स्कूल मैदान में थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया पीड़ितों एवं उनके परिजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक लहू बोलेगा रक्तदान संगठन और झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में हुई। बैठक में राज्य सरकार से मांग की गई कि 9 दिसंबर 2025 को झारखंड विधानसभा में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के ध्यानाकर्षण प्रश्न पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा की गई घोषणाओं को जल्द लागू किया जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इन घोषणाओं के लागू होने से हजारों पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अप्रैल माह में राज्य के 24 जिलों के लगभग 11 हजार मरीजों की भागीदारी के साथ रांची में राज्यस्तरीय थैलेसीमिया-सिकल सेल एनीमिया सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान तीन थैलेसीमिया पीड़ित छात्र रौशन कच्छप, प्रगति प्रकाश और ऋषभ कच्छप का जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाया गया। साथ ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को लगातार पत्र भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग जारी रखने का निर्णय लिया गया।

## बजरंग बली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह मारुति महायज्ञ की तैयारी पूरी

# 15 अप्रैल को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

● गांव के हर कोने में इसकी तैयारी और सजावट की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर विशेष व्यवस्था की गई है

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर।** प्रखंड के कुरकुरा मंदरो गांव में बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सह मारुति महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और ग्रामीणों के बीच खासा जोश देखा जा रहा है। आयोजनकर्ता के सदस्य रंथेश्वर साही ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। इस कलश यात्रा में मांडर, चान्हो, बेड़ो समेत आसपास के कई गांवों से करीब 5 हजार महिलाएं भाग लेंगी। महिलाएं जलेश्वर धाम से पवित्र जल लेकर यज्ञ स्थल तक पदयात्रा करते हुए पहुंचेंगी, जिससे आयोजन का माहौल और अधिक धार्मिक एवं भव्य हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह महायज्ञ 15 से लेकर 23 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और हवन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही हर रात श्रद्धालुओं के लिए प्रवचन का आयोजन होगा तथा भंडारा भी चलाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य और ग्रामीण लगातार प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। गांव के हर कोने में इसकी तैयारी और सजावट की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।कुल मिलाकर, इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## श्री महावीर मंदिर में वार्षिक महोत्सव की धूम

# भक्तिमय भजनों से गूंजा पिठोरिया



● पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना कराई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**पिठोरिया।** स्थानीय मुंडा टोली स्थित श्री महावीर मंदिर का वार्षिक महोत्सव मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के अवसर पर सुबह मुख्य मंदिर में पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना कराई गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका। पूजन के उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। दोपहर में महाप्रसाद के रूप में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव का आकर्षण रात्रि में आयोजित भजन-कीर्तन रहा, जहां गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता सुनीता कच्छप बनीं भाजपा रांची जिला पश्चिमी की मंत्री



चान्हो। प्रखंड के चामा निवासी भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता सुनीता कच्छप को रांची जिला पश्चिमी में मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका मनोनयन जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस मनोनयन के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सुनीता कच्छप इससे पहले भी बीजुपाड़ा मंडल में विभिन्न पदों पर रहकर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। अपने मनोनयन पर सुनीता कच्छप ने प्रदेश नेतृत्व और जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की बात कही।

### सतीश कुमार शाह बने रांची जिला ग्रामीण भाजपा के महामंत्री



**चान्हो।** प्रखंड के सोंस निवासी सतीश कुमार शाह को रांची जिला ग्रामीण भाजपा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। सतीश कुमार शाह लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। नवनियुक्त महामंत्री ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी को मजबूत बनाने और जनसंपर्क को बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### फाइलेरिया को लेकर जागरूकता अभियान, लोगों से दवा लेने की अपील



**चान्हो।** प्रखंड के टांगर स्थित मदरसा मदिनतुल उलूम में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को बीमारी के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पंकज कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान 20 अप्रैल से 5 मई तक चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और दी जाने वाली दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें, ताकि इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके।
स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित लोगों को साफ-सफाई रखने, मच्छरों से बचाव करने तथा समय पर दवा लेने के महत्व के बारे में भी बताया। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों मदरसे के लोगों ने भी अभियान के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया और सहयोग का आश्वासन दिया।

### लापरवाही की शिकायत, विधायक ने मुरी-गोला सड़क निर्माण कार्य को कराया बंद



**सिल्ली/मुरी।** मुरी गोला पथ पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को संवेदक की घोर लापरवाही की शिकायत ग्रामीणों द्वारा मिलने पर स्थानीय विधायक अमित कुमार महतो ने मंगलवार के दिन सड़क निर्माण कार्य को बंद कराया। स्थानीय विधायक सड़क पर स्वयं खड़ा होकर जितने वाहन निर्माण कार्य में कार्यरत थे उन सभी वाहनों को संवेदक के कार्यालय में पहुंचवाया और संवेदक के कर्मचारियों से बात करते हुए कार्य को रोकने का आदेश दिया तथा कहा कि रैयतों को जमीन के आधार पर मुआवजा तय कर उन्हें नोटिस जारी किया जाए की रैयतों को  कितनी राशि सरकार द्वारा प्राप्त होगी। जब तक राशि तय नहीं की जाती है और सार्थक पहल नहीं हो जाती है तब तक कार्य को बंद रखें,हालांकि सरकार द्वारा भी कहा गया है कि जल्द से जल्द मुआवजा का भुगतान किया जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि दिशा की बैठक में भी मैंने इस पर पहल किया था ताकि रैयतों को राशि प्राप्त हो सके।वहीं रैयतों के साथ बेहतर बातचीत नहीं करने को लेकर कर्मचारियों को मौके पर फटकार भी लगाई।इस मौके पर अखिल महतो, सिल्ली मुखिया भरत मुंडा,अशोक महतो,नौशाद अंसारी,प्रकाश कुशवाहा, समीर ठाकुर,सुयोग साहू,महेश कुमार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हटिया में 23 अप्रैल को मनाया जाएगा 'बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव'



**रांची।** बाबू वीर कुंवर सिंह विजय दिवस समारोह समिति की ओर से मंगलवार को धुर्वा स्थित हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती एवं विजयोत्सव समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की वर्तमान वित्तीय स्थिति कमजोर होने के कारण कामगारों से चंदे की राशि कम मिलने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। समिति के महासचिव लीलाधर सिंह ने कहा कि एचईसी नगर क्षेत्र में वर्ष 1962 से लगातार बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि पहले एचईसी प्रबंधन और कामगार मिलकर इस आयोजन को सफल बनाते थे, लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों से प्रबंधन का सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और उनका साहस आज भी प्रेरणास्त्रोत है। बैठक की अध्यक्षता गिरीश कुमार सिंह चौहान ने की। बैठक में राणाप्रताप सिंह, अवधेश सिंह, सरजू सिंह, धनंजय श्रीवास्तव, राममोहन बैठा, दिलीप कुमार सिंह, सुधीर कुमार मिश्र, नौशाद, खुर्शीद आलम, भोला साव, जगन्नाथ राम, सीएस दास सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### साइबर ठगी गिरोह के चार आरोपित गिरफ्तार

**देवघर।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सौरभ के निर्देश पर पुलिस टीम ने 04 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार आरोपितों के पास से 05 मोबाइल फोन और 06 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सभी आरोपित फर्जी कस्टमर केयर और सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस के अनुसार आरोपित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर ठगी करते थे। इसके अलावा धनी फायनेंस का अधिकारी बनकर लोन दिलाने का झांसा देते थे। वहीं फोन पे और पेटीएम के फर्जी कस्टमर केयर बनकर कैशबैक का लालच देकर गिफ्ट कार्ड रिडीम कराते थे। साथ ही एयरटेल पेमेंट बैंक के नाम पर भी लोगों को झांसे में लेकर ठगी की जाती थी। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सावन कुमार दास (23), चंदन कुमार दास (29), पिंटू कुमार दास (26) और कुंदन दास (31) के रूप में की गई है।

## बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला प्रशासन ने अर्पित की श्रद्धांजलि

# बाबा भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

खूंटी। भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर समाहरणालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर न केवल भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी थे,बल्कि वे एक प्रखर अर्थशास्त्री,विधिवेता और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया और समता,स्वतंत्रता तथा बंधुत्व पर आधारित समाज की स्थापना के लिए कार्य किया। उनका सम्पूर्ण जीवन वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने एवं समाज में न्यायसंगत व्यवस्था स्थापित करने के लिए समर्पित रहा। उपायुक्त ने बाबा साहेब के योगदानों का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतंत्र के मूल्यों का प्रतीक है, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं कर्मीगण की ओर से बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इसके पूर्व उपायुक्त आर० रॉनिटा, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए अलोक शिकारी कच्छप,अनुमंडल पदाधिकारी दिपेश कुमारी,जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम,डीसीएलआर अरविंद ओझा,नजारत उप समाहर्ता कोमल कुमारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा चौधरी,जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, कार्यपालक दंडाधिकारी बिपिन कुमार विश्वास सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

खूंटी। खूंटी जिले के तोरपा मंडल अंतर्गत अम्मापकना गांव में मंगलवार को 'भारतीय संविधान के जनक' डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तोरपा मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुबोध कुमार ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे भारतीय संविधान के निर्माता थे और उन्होंने दलितों, महिलाओं तथा श्रमिकों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानता के खिलाफ आवाज उठाई और समानता, न्याय एवं अधिकारों की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर को 'बाबासाहेब' के नाम से भी जाना जाता है और वर्ष 1990 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सुनीता देवी, रामधन साहू, बोधो साहू, गोबर्धन, सत्यम, आकाश, खुशी, माधुरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राहे में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मंगलवार को राहे में धूमधाम से मनाई गई। मौके पर मंच की ओर से राहे चौक में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ सत्यनारायण मुंडा ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर दबे-कुचले, शोषित, वंचितों के आवाज थे। बाबा साहेब आंबेडकर के समतामूलक समाज के विचार को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। मौके पर झारखंड लोकक्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केन्द्रीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि यह केवल पत्थर की प्रतिमा नहीं है बल्कि शिक्षित बनने, संगठित रहने और संघर्ष करने के संकल्प की प्रतिमा है। इसके पूर्व गोमदा मोड़ में शहीद भगत सिंह और खुदीराम मुंडा को माल्यार्पण कर संविधान प्रस्तावना पढ़ी गई और सद्भावना गीत प्रस्तुत कर राहे चौक तक शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन कालीचंद चंद्र भोक्ता और होटलो मुखिया संतोष मुंडा ने किया। मौके पर डॉ प्रमेश्वर लाल, डॉ रतन लाल सिंह मुंडा, डॉ सुभाष मुण्डा, उपप्रमुख उमेश महतो, हुमटा मुखिया द्रोपदी मुंडा, अधिवक्ता रंजित महतो, अनिल महतो, मतवार स्वांसी सहित अन्या लोग मौजूद थे।

## उग्रवादी हिंसा में मारे गए एतवा साहू के आश्रित को नहीं मिली सरकारी नौकरी

● चामु साहू ने कहा कि उन्होंने उग्रवादी हिंसा में अपना भाई खो दिया लेकिन किसी सदस्य को नौकरी नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के जमाकेल निवासी चामु साहू के सगे भाई 22 वर्षीय एतवा साहू की पीएलएफआई उग्रवादियों ने 17 जून 2012 को गोली मार कर हत्या कर दी थी। मृतक की उग्रवादी हिंसा में मौत पर सरकारी नियमानुसार मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन मृतक के भाई ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि काफी भागदौड़ के बाद भी उन्हें नौकरी नहीं मिली। उन्हें बताया गया कि उनकी उम्र 40 वर्ष से ऊपर हो गई है। इसलिए वे नौकरी पाने की अहर्ता नहीं रखते। तब उन्होंने अपने बेटे संतोष साहू को सरकारी नौकरी देने की मांग रखी और इसका आवेदन तत्कालीन उपायुक्त को दिया। वहीं मृतक के बडे. भाई ने कहा कि उनके भाई एतवा की हत्या के 13 वर्ष गुजरने के बाद भी अब तक उनके परिवार के किसी भी सदस्य को नौकरी नहीं मिली। चामु साहू ने कहा कि उन्होंने उग्रवादी हिंसा में अपना भाई खो दिया। इसके बाद भी उनके परिवार के किसी सदस्य को नौकरी नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि चामु साहू के भाई 22 वर्षीय एतवा साहू की झिरगु बाजार से संध्या छह बजे घर लौटने के क्रम में पीएलएफआई उग्रवादियों ने क्रमशः तिलकेश्वर गोप और अमृत होरो के नेतृत्व में गोलियों से छलनी कर नृशंस तरीके से हत्या कर दी थी। गोली चलने की आवाज बाजार में सुनाई दी तो लोग बाजार से वापस अपने घरों की ओर भागने लगे। मृतक एतवा के भाई चामु साहू को भनक भी नहीं लगी कि उसी के भाई की हत्या कर दी गई है। पैदल रास्ता से वे भी घर लौट गए। तब उनकी बेटी सोनी ने बताया कि उनके चाचा की गोली मार कर हत्या कर दिया गया है।
तब चामु घटना स्थल पहुंचा तो देखा कि उसके भाई को उसके सिर, हाथ, छाती और पेट में गोलियों से छलनी कर दिया गया था। इस संदर्भ में चामु साहू के फर्दबयान पर कांड संख्या 21/12 में भादवि की धारा 302/349 आर एवं 27 आर्म्स एक्ट सहित सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं दूसरी ओर अंचलाधिकारी के द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के संकल्प संख्या 4180 दिनांक 09-07-2024 में मृतक के अविवाहित रहने की स्थिति में भतीजा को नौकरी देने का प्रावधान वर्णित नहीं है। इससे पूरा परिवार निराशा के अंधकार में डुब गया है।

### धर्म की रक्षा कीजीए,धर्म आपकी रक्षा करेगाः लाडली शरण जी

**रातू।** सर्व सनातन हिंदू समाज द्वारा मंगलवार को रातू किला मैदान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की आरती से हुई। इसमें मुख्य रूप से बाल विदुषी लाडली शरण, युवा महंत स्वामी सीताराम, निशा उरांव और भैरव सिंह मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता और धर्म संरक्षण पर जोर दिया। लाडली शरण ने कहा कि समाज में बिखराव के कारण एकता कमजोर हो रही है और धर्म की रक्षा के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने समानता आधारित कानून की भी वकालत की। निशा उरांव ने धर्म परिवर्तन के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और समाज के हित में कार्य करने की आवश्यकता बताई।
वहीं स्वामी सीताराम ने कहा कि बच्चों में संस्कार और जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि संस्कृति सुरक्षित रह सके। भैरव सिंह ने युवाओं से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**श्रद्धांजलि** | लोकहित अधिकार पार्टी कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी

# वंचितों के अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा : हरिनाथ साहू

● भारतीय संविधान में न सिर्फ मनुष्य का बल्कि पशु पक्षियों और सभी प्रकार के जीव जंतुओं की भी सुरक्षा का उल्लेख किया गया है

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठौरिया।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को  कांके हथिया पत्थर स्थित लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, महासचिव प्रमोद प्रसाद गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक परमेश्वर प्रसाद, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गौतम, प्रदेश के वरिष्ठ नेता मुकुल नायक  रांची जिला अध्यक्ष प्रेमचंद साहू,जिला के वरिष्ठ नेता मोहम्मद जुल्फ़ान अंसारी, कार्यालय प्रभारी नंदू साव, जिला महासचिव सूरज यादव, अकबर अंसारी, सुशीला देवी, नेहा ठाकुर, शिखा देवी, अनीता तिर्की सविता देवी, अब्दुल अंसारी, राम मोहन नायक, शंकर प्रसाद, विजय साहू, हरि शंकर नायक, लखन मुंडा, प्रवीण यादव, अब्बुल अंसारी,अंकित कुमार , सुदर्शन नायक, शंभू यादव, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।  बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने की, जबकि संचालन प्रमोद प्रसाद गुप्ता द्वारा किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। समानता, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना होगा और सभी वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा।
उन्होंने आगे कहा कि उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान में न सिर्फ मनुष्य का बल्कि पशु पक्षियों और सभी प्रकार के जीव जंतुओं का भी सुरक्षा और सम्मान का उल्लेख किया गया है। गौरतलब है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। वे भारतीय संविधान के निर्माता, प्रख्यात समाज सुधारक और दलितों व वंचितों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे।
उनके 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश ने समाज में जागरूकता और समानता की नई चेतना का संचार किया है। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय की दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### दुलमी प्रखंड के कुल्ही गांव में मंडा पूजा धूमधाम से मनाई गई

# मंडा परब हमारी परंपरा की जीवंत विरासत है : ममता देवी



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही गांव में आयोजित पावन मंडा पूजा में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक आदरणीय ममता देवी जी शामिल हुईं। गांव पहुंचने पर मंडा पूजा समिति द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा कि मंडा परब हमारी संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के प्रति अटूट संबंध का प्रतीक है।

यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की विरासत, हमारी पहचान और हमारी एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हम जल, जंगल और जमीन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मंडा परब में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जहां भोक्तागण दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी श्रद्धा और साहस का परिचय देते हैं तथा वनसझुला झूलते हैं। कई स्थानों पर भक्तगण पीठ में कील ठोककर वनसझुला झूलते हुए अपनी अटूट भक्ति और परंपरा का प्रदर्शन करते हैं। ममता देवी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की सीख दी है। आज के आधुनिक दौर में भी हमें अपनी समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को सहेजते हुए आगे बढ़ना चाहिए। मौक पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश,रामकिशुन भोक्ता, सूर्यनाथ भोक्ता, पवन महतो, किष्टो महतो, परमेश्वर महतो,लालमोहन महतो, काशीनाथ महतो, सेवालाल महतो, रविरतन महतो,बलराम महतो,रीतलाल महतो सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### विधायक की पहल से दिव्यांग को मिली नई रफ्तार

## सीसीएल ने भेंट की इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल



**भुरकुंडा ।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी की अनुशंसा पर सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सौजन्य से मंगलवार को भुरकुंडा में दिव्यांग कृष्णा गंझू को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। भुरकुंडा संकट मोचन मंदिर के समीप आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कृष्णा को ट्राइसाइकिल सौंपकर उसे नई जिंदगी की दिशा दी।ट्राइसाइकिल मिलने के बाद कृष्णा गंझू के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने विधायक रोशन लाल चौधरी और सीसीएल प्रबंधन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें दैनिक जीवन में आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता योगेश दांगी ने कहा कि विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर सीसीएल के सीएसआर मद से ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सह भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने कहा कि कृष्णा गंझू दोनों पैरों से दिव्यांग हैं और उन्हें चलने-फिरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल मिलने से अब उनकी परेशानियां काफी हद तक कम हो जाएंगी और वे अपने कार्य स्वयं कर सकेंगे। मौके पर सतीश मोहन मिश्रा, अवधेश पासवान सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अग्निशमन सप्ताह के तहत श्री श्याम कांप्लेक्स में आग बुझाने की दी गई जानकारी



**रामगढ़।** मंगलवार को अग्निशमन सप्ताह के आयोजन के अवसर पर अग्निशमन के निदेशक महेंद्र कुमार सिंह एवं मोहम्मद अली अब्बास अपने सहयोगियों के साथ श्री श्याम कॉमप्लेक्स परिसर पहुंचे और सुबह मॉक ड्रिल किया। पेट्रोल से जब आग लगती है तो उसको किस तरह बुझाया जाए, अगर सिलेंडर के अंदर आग लग जाए तो उसे कैसे बुझाए जाए एवं कभी आपके आसपास घरों में दुकानों में अगर आग लग जाए तो उसे कैसे बुझाए जाए इसका परीक्षण उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से करवाया। पेट्रोल से एक जगह आग लगाकर उसको तत्काल बुझाया गया एवं पानी की क्या स्पीड होनी चाहिए उसे मोटर स्टार्ट करके समझाया गया की ठीक अग्नि के जड़ पर पानी डालना है ताकि तुरंत हम लोग उसे पर काबू पा सके। इनके साथ अरुण बगड़िया, लोकेश बगड़िया, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल,संतोष अग्रवाल, महेश सिंह, अजीत अग्रवाल , अरुण बगड़िया, वरुण बगड़िया, के साथ अनेक बगड़िया ब्रदर्स के सहयोगी उपस्थित थे साथ ही अन्य दुकानों के सहयोगी भी शामिल थे। इस दौरान विश्व कल्याण हेतु दान पेटी में कुछ राशि डालकर लोगों ने सहयोग भी किया गया।

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया समानता दिवस




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समानता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने विद्यार्थियों को संविधान के पिता डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संविधान निर्माण में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उन्होंने कहा कि डॉ0 अंबेडकर दलित और पिछड़े वर्ग को सामाजिक और राजनीतिक रुप से समानता कानून बनाकर सामंजस्य स्थापित किया। कहा कि भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू की गई ।इसके लिए डॉक्टर अंबेडकर और टीम को पूरे 2 साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। इस अवसर पर शिक्षक रोहित कुमार, मुकेश कुमार, योगेश कुमार, कौशल पांडेय, विनय कुमार, बबलू कुशवाहा, दुलारचंद प्रसाद, सोनू कुमार,अर्जुन सिंह,अंशु कुमारी, दीपा कुमारी, मनीषा कुमारी, मधुमिता कुमारी, मुस्कान परवीन, अदिति कुमारी, अंजली कुमारी, जेबा परवीन, साहिन परवीन, रोज़ी परवीन आदि उपस्थित थे।

### विद्यालय परिवार ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर स्थित एसपीए गुरुकुल विद्यालय के प्राचार्या पूजा सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस निमित्त डॉ अंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वहीं निदेशक कार्तिक करण देव ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के संविधान को बनाने में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जो भूमिका निभाई उसे युगों युगों तक याद रखा जाएगा। मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने भी डॉक्टर अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर शिक्षक ललितेश्वर पांडेय, रजनीकांत पांडेय,रितिक कुमार,शालू कुमारी, शिवम सिंह , शमा परवीन,नदनी कुमारी, पिंकी कुमारी,अमन कुमार, संतोष कुमार, बेबी कुमारी, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार समेत अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब की 135 वीं जयंती



**रामगढ़।** भारतीय संविधान के निर्माता, सामाजिक न्याय के प्रणेता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर 14 अपेल को रामगढ़ कैंट मंडल भाजपा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क पहुँचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "बाबा साहब अमर रहें" और "जय भीम" के नारों के साथ उनके योगदान को याद किया। उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक दल या वर्ग के नेता नहीं थे, बल्कि वे संपूर्ण मानवता और न्याय के पैरोकार थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता महेंद्र प्रजापति, राजेश ठाकुर,अमित कुमार खेतान, बिनु देवी, ऋषिकेश सिंह, सौरभ जायसवाल, ब्रजेश पाठक, जीतू यादव, दिनेश सिंह,अमर कुशवाहा, सुदीप मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

### सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सहयोग से सामुदायिक भवन का किया गया शिलान्यास

**गिद्दी।** गिद्दी क पंचायत में मंगलवार को सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सहयोग से सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया। अरगड्डा क्षेत्र के जीएम सत्यजीत कुमार ने और पंचायत की मुखिया कविता सिंह ने विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर उपस्थित सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य ने अरुण कुमार सिंह ने कहा कि इस सामुदायिक भवन के बनने से पंचायत के लोगों को शादी व्याह आदि सार्वजनिक कार्य में काफी सहुलियत होगी।

## छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति भुगतान के लिए विधायक ने सरकार से मांग की



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को पत्र लिखकर ओबीसी छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है। विधायक ममता देवी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि राज्य के हजारों ओबीसी छात्र-छात्राएं पिछले कई वर्षों से छात्रवृत्ति राशि के भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। छात्रवृत्ति नहीं मिलने के कारण छात्रों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई गरीब छात्र अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने या नामांकन रद्द कराने को मजबूर हो रहे हैं, जो राज्य के शैक्षणिक विकास के लिए चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि यह समस्या न केवल छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि राज्य के समग्र शैक्षणिक विकास पर भी नकारात्मक असर डाल रही है। ममता देवी ने विभाग से आग्रह किया है कि इस गंभीर विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए लंबित छात्रवृत्ति राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि छात्रों को राहत मिल सके और उनका शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके। विधायक ने विश्वास जताया कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशीलता के साथ सकारात्मक पहल करेगी और जल्द समाधान निकाला जाएगा।

## बलकुदरा खुली खदान में डॉ अंबेडकर की मनाई गई जयंती, शिक्षा का दिया संदेश



**भुरकुंडा।** बलकुदरा खुली खदान परिसर में मंगलवार को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग परिषद के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक और दलितों-शोषितों के अधिकारों के मजबूत प्रहरी थे। उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, समानता और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष किया। पप्पू सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 को जन्मे डॉ. अंबेडकर ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी कुरीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाया। 26 जनवरी 1950 को लागू भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। उनका जीवन आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान ओबीसी-एसटी/एससी काउंसिल के अध्यक्ष मनोज कुमार राम, सचिव रामानुज प्रसाद और कोषाध्यक्ष रामदेव महतो के नेतृत्व में बच्चों के बीच कॉपी, कलम और मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर प्रबंधक अजय कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, अभिनाश चंद्रा, अभिषेक कुमार, रिशु कुमार, रमेश कुमार, भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री शशि भूषण सिंह, कोल फील्ड मजदूर यूनियन के सचिव पप्पू सिंह, एसएम राजकुमार, संजीव दूबे, शैलेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश ओझा, अरबिंद सहाय, नौसाद आलम, शिव कुमार, पंकज, रंजीत एक्का, दिलचंद तुरी, कल्लू, अरिफ हुसैन, बुधनी देवी, प्रदीप राम, आरती देवी, शनिचरवा सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



रामगढ़। एसपी अजय कुमार द्वारा मंगलवार को प्रेस वार्ता कर दी जानकारी। प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि उन्हें विगत सोमवार को रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि पतरातु थाना अन्तर्गत ग्राम-हेसला में राहुल दुबे गैंग के सदस्य अवैध आर्म्स के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घूम रहे हैं। एसपी ने प्राप्त गुप्ता सूचना को गंभीरता से लेते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातु गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया तथा सभी थाना/ओपी प्रभारी को प्राप्त गुप्त सूचना की जानकारी देते हुए अविलंब एंटी क्राईम चेकिंग अभियान का निर्देश दिया गया। गठित एसआईटी एवं सभी थाना/ओपी प्रभारी के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न स्थानों पर एंटी क्राईम चेकिंग में जुट गए।

इसी क्रम में ग्राम-हेसला, थाना-पतरातु स्थित टाईप-2 काली मंदिर मैदान में एक बाईक जिसका पंजीयन संख्या जेएच 02एबी 5319 पर सवार दो व्यक्तियों को रोका गया।

दोनों व्यक्तियों से नाम-पता पूछने पर अपना-अपना नाम क्रमशः 1. करण करमाली, उम्र 19 वर्ष, 2. शिवम मिश्रा उर्फ शिवम आनंद उर्फ नंदु उम्र 23 वर्ष, पिता-विरेन्द्र कुमार मिश्रा, सा०-जनतानगर, टाईप-1 थाना-पतरातु जिला-रामगढ़, स्थायी पता-सा प्लस थाना-नबीनगर, जिला-औरंगाबाद बताया।

दोनों व्यक्तियों की तलाशी के क्रम में करण करमाली के कमर में खोसा हुआ एक 7.65 एमएम का लोडेड देशी पिस्टल बरामद हुआ। जिसे अनलोड़ करने पर 3 जिंदा गोली साथ ही बाईक के पीछे कैरियर में एक थैला टंगा हुआ पाया जिसकी तलाशी लेने पर 9 एमएम का लोडेड देसी कारबाईन पाया गया, जिसे अनलोड़ करने पर 2 जिंदा गोली एवं मोटरसाईकिल बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया गया कि ये लोग राहुल दुबे गैंग के लिए काम करते है और आज किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। साथ ही इनलोगों के द्वारा बताया गया कि दिनांक 04.04.2026 को पतरातु स्थित ओसम डेयरी प्लांट में गोली-बारी की घटना को अंजाम देने मे शामिल थे।

### मनरेगा कर्मियों ने हड़ताल जारी रखने का लिया निर्णय

**हजारीबाग।** इचाक प्रतिनिधि रोजगार सेवक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर साव ने की। बैठक में बड़ी संख्या में रोजगार सेवक शामिल होकर हड़ताल की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा किया। मांगो को नहीं मानने तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि मनरेगा योजना को बंद कर जी राम जी योजना लागू किए जाने पर रोजगार सेवकों ने असंतोष जाहिर किया।इसी मुद्दे को लेकर संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में 12 मार्च से चल रही राज्य ब्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अडीग रहने का निर्णय लिए हैं। जिसमें सहायक अभियंता,बैठक में कनीय अभियंता शामिल थे। इसी दौरान सहायक अभियंता मनीष रंजन,अफजल अंसारी ,नीरज हजारी, दीपक कुमार, संजय कुमार ने हड़ताल को तोड़ते हुए अपने कार्य पर वापस लौट गए जो संघ के विरुद्ध है। जिसका जोरदार विरोध किया गया।

### गिद्दी सी में सीसीएल की अधग्रहित जमीन पर छाई गिराकर अतिक्रमण का प्रयास

**गिद्दी।** गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी में कोलियरी की अधिग्रहित जमीन को अतिक्रमण करने के लिए फैक्ट्री की छाई गिराकर समतल कराया जा रहा है। स्थानीय एक व्यवसायी फैक्ट्री की छाई गिराकर उक्त जमीन को समतल करके उसमें बड़ा व्यवसाय करने के लिए अधिग्रहित जमीन को अतिक्रमण कर रहा है। इसे लेकर गिद्दी सी परियोजना के सुरक्षा प्रभारी ने गिद्दी थाना में लिखित शिकायत देकर इस पर रोक लगाने की मांग किया है। सुरक्षाकर्मियों ने बताया इसके पहले भी कोलियरी प्रबंधन ने फरवरी महीना में दो बार और मार्च महीना में एक बार गिद्दी थाना में तीन बार लिखित देकर छाई गिरा कर उक्त जमीन समतल करने और सीसीएल की अधिग्रहित जमीन पर अतिक्रमण करने से रोक लगाने की मांग किया है। उक्त अधग्रहित जमीन पर छाई गिराने समतल करने का कार्य किए जाने के कार्य में जारी है। क्या कहते हैं गिद्दी सी पीओगिद्दी सी परियोजना के पीओ मो सकील अख्तर ने बताया कोलियरी के उक्त जमीन पर छाई गिराने को लेकर कोलियरी प्रबंधन ने तीन दफा गिद्दी थाना में लिखित देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया है।

## जिंदल स्टील पतरातू में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया



नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील बलकुदरा, पतरातू परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फायर सर्विस ध्वज के ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद महाप्रबंधक सह फैक्ट्री प्रबंधक संतोष कुमार, विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों ने शहीद अग्निशमन कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत शहीदों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अग्निशमन कर्मियों का साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ये वीर अपने प्राणों की परवाह किए बिना दूसरों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की थीम सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा जागरूक समाज अग्नि रोकथाम के लिए एक साथ के तहत विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत की गई।

इस क्रम में आसपास के स्कूलों, अस्पतालों एवं आवासीय क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो 20 अप्रैल तक जारी रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि अग्नि दुर्घटनाएं अक्सर छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होती हैं। लेकिन समय रहते सतर्कता और सुरक्षा नियमों के पालन से इन्हें रोका जा सकता है।

लोगों को अग्निशमन उपकरणों की जानकारी रखने और आपातकालीन स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने कार्यस्थल एवं समाज में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और जीरो हार्म के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया। मौके पर एचआर प्रमुख मीनू सिंह, आरडी शर्मा, रूपेश कुमार, अशोक कुमार सिंह, अंबुज महतो, रत्नेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**जयंती** | हिन्दू जागरण मंच ने महावीर मंदिर प्रांगण में मनाया अंबेडकर जयंती

# बराबरी का हक दिलवाने के लिए संविधान बना : सत्यजीत

- जिला के सह संचालक चंद्रबहादुर का स्वागत करते हुए अंगवस्त्र देकर जिलाध्यक्ष ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** मंगलवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हिन्दू जागरण मंच रामगढ़ के जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी के नेतृत्व में छोटकी मुर्राम मुंडा टोली के महावीर मंदिर प्रांगण में स्थानीय निवासियों के साथ बाबा साहेब की जयंती मनायी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रामगढ़ जिला के सह संचालक चंद्रबहादुर का स्वागत करते हुए अंगवस्त्र देकर जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी ने सम्मानित किया। तत्पश्चात चंद्रबाहादुर ने बाबा साहब के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश में वर्ण व्यवस्था कालांतर में समाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाया गया था जिसमें सभी वर्गों का अपना अपना कार्य बंटा होता था। क्षत्रिय पर सुरक्षा, ब्राह्मण को शिक्षा, वैश्य को व्यापार और शूद्र कहे जाने वाले वर्ग पर समाज को स्वच्छ रखने की जिम्मेवारी होती थी। लेकिन समय के साथ राजनीतिक लाभ लेने वाले नेताओं ने समाज को विभक्त करने और मतांतरण के लिए विदेशी ताकतों के हाथों को मजबूत करने के लिए अति पिछड़ी जातियों के मन में घृणा के भाव भर दिए जिससे सनातन धर्म कमजोर हुआ। उन्होंने कहा कि इसी वर्ण व्यवस्था को समाप्त कर समाज में बराबरी का हक दिलवाने के लिए बाबा साहब ने संविधान में कानून बनाया जिसकी वजह से आज शिक्षा, रोजगार सहित देश के सर्वोच्च पद को भी दलित वर्ग से आने वाले लोग सुशोभित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत विद्युत विभाग में एसडीओ रहे नकुल राम, शिक्षिका हेमंती देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों को जिला सहसंघचालक चंद्र बहादुर ने अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए सभी उपस्थित महिला पुरुष और बच्चों के बीच मिठाई बांटी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहसंचालक चंद्रबाहादुर सिंह, हिन्दू जागरण मंच रामगढ़ जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी, प्रांत महिला टोली की सदस्य सिंधु झा,जिला कार्यसमिति सदस्य सुजीत चौरसिया, जिला महिला प्रमुख रीना देवी, मणिशंकर ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### किरायेदार की पूरी जानकारी रखें और थाना को भी बताएं

**बरही।** बरही थाना के थानाप्रभारी पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार ने बरही थाना क्षेत्र में किराएदार के रूप में रह रहे लोगों की पूरी जानकारी रखने की हिदायत दी है। थानाप्रभारी ने मकान मालिकों से जिनके घर पर किराएदार के रूप में 20 वर्ष से 35 वर्ष के युवा रह रहे हों उनकी जानकारी थाना से साझा करने की अपील की है। थानाप्रभारी ने कहा है कि बरही में बहुत से नये मकान बने हैं जिनमें किराएदार रह रहे हैं। उनकी स्पष्ट जानकारी मकान मालिक के पास नहीं है तो इसकी जानकारी थाना को दें। थानाप्रभारी ने कहा है कि किराएदार के रूप में 20 से 35 वर्ष के युवा अपनी पहचान छुपा कर रह रहे हैं। किराएदार क्या काम करते हैं।

# संविधान की रक्षा करना और उसे मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी : जोसिमा

● जिला कांग्रेस कार्यालय में मना डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों, संघर्षों और उनके योगदान को विस्तार से याद किया। मौके पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पहुंचे। जहाँ एक-एक कर सभी ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के सबसे बड़े प्रहरी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर बाबा साहेब के विचारों को लोगों तक पहुंचाएं और सामाजिक समरसता को मजबूत करें, ताकि एक सशक्त और समान समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में प्रदीप केसरी, कौशल रोहिल्ला, रणधीर रंजन, समी आलम, संतोष सिंह, तिलका रमन, चंदन कुमार, सामरोम पॉल तोपनो, लखन गुप्ता, अमित डुंगडुंग, सेराफिनुस कुल्लू, बिपिन पंकज मिंज, वारिश राजा, अक्षन खान, सिल्वेस्टर बाघवार, विजय, मो अरमान, अख्तर खान, एजाज अहमद, डॉ अरशद हुसैन, रामकुमार कोईराला एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अंबेडकर जयंती पर लोकतंत्र का रहा उत्सव

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा में भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के तहत विद्यालय में किशोर भारती, कन्या भारती, बाल भारती एवं बाल कन्या भारती के चुनाव परिणाम घोषित किए गए तथा नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य ने सभी पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से दायित्व निभाने की शपथ दिलाई। चुनाव में शिवाजी दल ने सर्वाधिक 12 पदों पर जीत दर्ज की, जबकि एकलव्य दल को 9, आरूणि दल को 3 और भरत दल को 2 पद मिले।

## तीन पशु तस्करों को पुलिस ने भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुरडेग की ओर से जंगल रास्ते कुछ लोग गोवंशीय पशुओं को मारते-पीटते हुए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सेवई गांव में दबिश दी, जहां से तीन पशु तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से कुल 06 गोवंशीय मवेशियों को भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलियासुस तिग्गा, ईश्वर ग्यार और अशोक किंडो के रूप में हुई है। मामले को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वे सभी मवेशियों को लेकर बन्दोजोर की ओर जा रहे थे। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को पशु तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मौके पर मुफ्फसिल थाना प्रभारी विवेक कुमार उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर मंगलवार, 14 अप्रैल को जिले में शहीद अग्निशमन कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह दिवस वर्ष 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में वीरगति को प्राप्त 66 अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने शहीदों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया गया। लोगों को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने, प्राथमिक बचाव उपाय अपनाने तथा आपातकालीन सेवाओं से तुरंत संपर्क करने की जानकारी दी गई।

उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने भी इस अवसर पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मियों का योगदान समाज की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान उन्होंने डोनेशन बॉक्स में सहयोग राशि अर्पित कर सेवा भाव का संदेश दिया।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र के सलडेगा पुरबटोली में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है।मिली जानकारी के अनुसार अनुज अनमोल डुंगडुंग नामक युवक ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों और आसपास के लोगों ने जब उसे फंदे से झूलता देखा तो तत्काल उसे नीचे उतारकर सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कोलेबिरा में 'रूआर 2026 अभियान' को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

● प्रखंड के 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अनामांकित एवं विद्यालय छोड़ चुके बच्चों का पुन: नामांकन कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।

**कोलेबिरा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत 'रूआर 2026 अभियान' को सफल बनाने के उद्देश्य से एसएस +2 हाई स्कूल कोलेबिरा में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, कोलेबिरा पंचायत की मुखिया अंजना लकड़ा, आंगनवाड़ी महिला पर्यवेक्षिका प्रेमशिला कुमारी तथा बीआरसी बीपीओ नीलिमा कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, पुष्पगुच्छ भेंट और स्वागत गीत के साथ हुई। शिक्षकों एवं उपस्थित जनों ने तालियों के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बीआरसी बीपीएम नीलिमा कुजूर, शिक्षक जयप्रकाश सिंह एवं लालधन नायक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अनामांकित एवं विद्यालय छोड़ चुके बच्चों का पुनः नामांकन कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। साथ ही विद्यालय में उनके ठहराव को सुनिश्चित करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है।उन्होंने जानकारी दी कि 'रूआर 2026 अभियान' 15 से 30 अप्रैल 2026 तक विद्यालय स्तर पर विशेष नामांकन अभियान और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चलाया जाएगा।जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरें ने कहा कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए। कोलेबिरा पंचायत की मुखिया अंजना लकड़ा ने कहा कि सभी के सहयोग से यह अभियान निश्चित रूप से सफल होगा।

कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक लालधन नायक ने किया।कार्यशाला में बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, बीआरसी कर्मी एवं प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक में प्रगति तेज करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में 13 अप्रैल 2026 को समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की प्रगति, पोषण ट्रैकर पर अद्यतन डाटा प्रविष्टि तथा केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे विद्युत, शौचालय और नल-जल की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों को निकटवर्ती विद्यालयों में सह-स्थापित करने, सक्षम केन्द्रों में पोषण वाटिका एवं जल-छाजन निर्माण तथा सेविका एवं सहायिका के चयन की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

बैठक में अपार आईडी एवं आभा आईडी निर्माण की प्रगति तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने को कहा।इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता तथा भवन प्रमंडल सिमडेगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीडीपीओ, अभियंता एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बानो में 23 अप्रैल को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, लोगों से भागीदारी की अपील

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में 23 अप्रैल 2026 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष तक के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अधिक से अधिक लोगों से भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## विहिप जिला कार्यालय में डॉ अंबेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति द्वारा जिला कार्यालय में भारत रत्न भीम राव अम्बेडकरकी 135वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं उनके विचारों को स्मरण करते हुए की गई।इस मौके पर जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और भाईचारे की दिशा में प्रेरित करते हैं।

सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश दिया।अंत में उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता और जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों में भी विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड समिति द्वारा भीमराव अंबेडकर जयंती को सामाजिक समरसता के रूप में मनाया इधर कोलेबिरा में विहिप के प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुई इसके अलावा बोलबा, केरसई,कुरडेग, सहित सभी जगहों पर कार्यक्रम आयोजित की गई।कार्यक्रम में जिला मंत्री कृष्णा शर्मा, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद, गौ रक्षा प्रमुख राम जी यादव, सामाजिक समरसता प्रमुख गोवर्धन कोस्टा, लहरु सिंह ,बजरंग दल सयोंजक आनन्द जैसवाल,सुमित गुप्ता, मानस प्रसाद,सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ अंबेडकर प्रमुख न्यायवादी, अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ व समाज सुधारक थे: प्रेम शर्मा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रेम शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जन्म अत्यंत गरीब और उपेक्षित परिवार में हुआ, लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने संघर्ष करते हुए भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक महान न्यायवादी, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिनसे हमें प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में "अंबेडकर अमर रहें" के नारों के साथ संकल्प लिया गया।

मौके पर देवेंद्र प्रसाद तिवारी, नौशाद परवेज, प्रदीप प्रसाद, संजय चौरसिया, संजय वर्मा, महेंद्र उरांव, अजीत तिर्की, रोहित कुमार, लक्ष्मण साहू, सुमित सिन्हा, राकेश रोहित, मनीष कुमार, पारसनाथ झा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# सिमडेगा का कृषि कार्यालय बना किसानों के लिए प्रेरणा केंद्र

● यह परिवर्तन जिले की उपायुक्त कंचन सिंह और जिला कृषि पदाधिकारी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम माना जा रहा है

नवीन मेल संवाददाता






**सिमडेगा।** "जहां चाह, वहां राह" की कहावत को साकार करते हुए सिमडेगा का कृषि विभाग आज किसानों के लिए प्रेरणा का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। कभी सिर्फ सरकारी कार्यों तक सीमित रहने वाला कृषि कार्यालय अब आधुनिक खेती की एक जीवंत पाठशाला में बदल चुका है। विभाग द्वारा इसे 'मॉडल कृषि कार्यालय' के रूप में विकसित किया गया है, जो जिले के किसानों को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

कार्यालय परिसर की दीवारों पर बनाई गई आकर्षक एवं संदेशपरक पेंटिंग्स न केवल वातावरण को सुंदर बना रही हैं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी दे रही हैं। यह परिवर्तन जिले की उपायुक्त कंचन सिंह और जिला कृषि पदाधिकारी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम माना जा रहा है। उपायुक्त ने पदभार ग्रहण करते ही किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू की, जिसका असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।कार्यालय परिसर में अब किसान केवल कागजी जानकारी लेने नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने के लिए पहुंच रहे हैं।

यहां स्थापित "स्प्रिंकलर सिंचाई विधि" जैसे मॉडल किसानों को 'प्रति बूंद, अधिक फसल' के सिद्धांत को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हो रहा है, जो वर्तमान समय में बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। प्रशासन और कृषि विभाग के समन्वित प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो सरकारी संस्थान भी नवाचार और प्रेरणा के केंद्र बन सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### एलिस शैक्षणिक संस्थान में अंबेडकर जयंती मनाई गई

**बानो।** प्रखंड के चर्च रोड स्थित एलिस शैक्षणिक संस्थान में भीम राव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक बिमल कुमार ने बाबा साहब के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समानता और सामाजिक न्याय के सशक्त समर्थक थे। उन्होंने उनके विचारखुद को शिक्षित करो, क्योंकि शिक्षा प्रगति की रीढ़ है ।उन्होंने उनको छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।कार्यक्रम में उपसचिव दीपिका कुमारी, काउंसलर सुष्मिता सिंह, सुजाता कुमारी, अनिता कुमारी, वाणी कुमारी, प्रमिला कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### लचरागढ़ के विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर में अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



**लचरागढ़।** विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में भीम राव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ, जिसमें बहन संध्या नायक, भैया जगन्नाथ सिंह एवं प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू शामिल हुए।इस अवसर पर भाषण एवं रूप-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रूप-सज्जा में श्रेष्ठ कुमार तथा भाषण में कृष्णा साहू को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला, वहीं शिवानी कुमारी प्रथम और पूजा कुमारी द्वितीय रहीं। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, समानता और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पानीग्राही ने किया। मौके पर यमुना कुमारी, दसरथी देवी, लक्ष्मी देवी, अर्जुन महतो सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### लचरागढ़ दौरे पर विधायक नमन बिक्सल कोंनगाड़ी, सड़क निर्माण में तेजी का निर्देश



**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने मंगलवार को लचरागढ़ क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।दौरे के क्रम में विधायक ने कोलेबिरा–बानो–मनोहरपुर मुख्य सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कंपनी के सुपरवाइजर से दूरभाष पर बात कर कार्य में आ रही बाधाओं की जानकारी ली और निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही पेड़ कटाई एवं पुलिया निर्माण को शीघ्र पूरा करने को कहा।विधायक ने बताया कि सड़क निर्माण में हो रही देरी का मुद्दा उन्होंने विधानसभा में भी उठाया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्य जल्द गति पकड़ेगा तथा लचरागढ़ पुराने रोड के निर्माण का शिलान्यास भी शीघ्र किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में दो मवेशियों की मौत विहिप व पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

सिमडेगाः कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ स्थित विवेकानंद स्कूल के समीप मंगलवार सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में संवेदना का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही लचरागढ़ टीओपी प्रभारी एएसआई जितेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने भी मानवता का परिचय देते हुए मृत मवेशियों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की। स्थानीय निवासी मनोज साहू ने जेसीबी उपलब्ध कराकर सहयोग किया, जिससे सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर अंकित अग्रवाल, नीतिश अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, संदीप साहू व सुमित साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना की।

### सिमडेगा में विभिन्न राजनीतिक दलों ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती

**सिमडेगा।** भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी एवं अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष विराज नायक के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक पुरी, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश रविकांत ने बाबा साहेब के जीवन और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक न्याय एवं समानता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष चंदन प्रसून, अनिरुद्ध सिंह, शंभू भगत, अनूप केसरी, विद्या बड़ाईक, महावीर बड़ाईक, नीरज बड़ाईक, आलोक श्रीवास्तव, सरवन गोस्वामी, रेनू पुरी, अनीश कुमार, विशाल नायक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसके पश्चात आजसू पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पाण्डे के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव विकास बड़ाईक, जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर, प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र साहु एवं जिला प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। वहीं आजाद समाज पार्टी द्वारा भी जयंती धूमधाम से मनाई गई।

### बानो जीईएल चर्च में दृढ़ीकरण संस्कार समारोह 105 युवक-युवतियों ने लिया संस्कार


**बानो।** प्रखंड के जीईएल चर्च पास्टोरेट, बानो में दृढ़ीकरण संस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 105 युवक-युवतियों ने संस्कार ग्रहण किया। इनमें 65 युवक एवं 40 युवतियां शामिल थीं। समारोह में लताकेल पास्टोरेट के पादरी रेव्ह हेरमन समद, बानो पास्टोरेट के चेयरमैन पादरी उबलन तोपनो, जमशेदपुर के पादरी किरूम बरजो एवं पादरी जीदन डांग ने धार्मिक विधि से विनती-आराधना संपन्न कराई।समारोह से पूर्व सभी अभिलाषियों का स्वागत कर उन्हें चर्च परिसर स्थित स्थल तक लाया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य विरजौ कडुंलना एवं प्रमुख सुधीर डांग ने नव दृढ़ीकरण अभिलाषियों को शुभकामनाएं देते हुए आत्मिक चेतना और समाज सेवा पर बल दिया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन प्रचारक सुरेसन जोजो ने किया।

### कंपनी के मटेरियल गोदाम से लाखों की केबल व सीसीटीवी हार्ड डिस्क चोरी

# दो कर्मियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

- **आरोप है कि 4 अप्रैल को भी संबंधित कर्मियों द्वारा केबल को वाहन में लोड करते देखा गया था**

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही** । बीते दिन प्रखंड के करसो क्षेत्र स्थित लानार्सी इंफ्रा लिमिटेड कंपनी के मटेरियल गोदाम से बड़ी चोरी का मामला सामने आया है । जिसमें करीब 50 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रिकल सामान की चोरी कर ली गई है। इस मामले में कंपनी के दो कर्मियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, हैदराबाद की लानार्सी इंफ्रा लिमिटेड कंपनी के रांची क्षेत्र के सीनियर एक्जीक्यूटिव संचित कुमार सिंह ने करसो स्थित मटेरियल स्टोर से केबल चोरी होने को लेकर बरही थाना में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि कंपनी झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (JBVNL) के आरडीएसएस योजना के तहत क्षेत्र में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य कर रही है, जिसमें अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम शामिल है। बताया गया कि बीते 8 अप्रैल को जब वह, कंपनी के मैनेजर तथा अन्य दो लोग के साथ शाम करीब 5 बजे करसो स्थित कंपनी के अधिकारीक भंडारगृह पहुंचे, तो जांच के दौरान पाया कि स्टोर से 3/95 स्क्वायर एमएम केबल के करीब 30 ड्रम तथा सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डिस्क गायब है। चोरी गए केबल की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है।
घटना के बाद स्टोर में तैनात सुरक्षा गार्ड से पूछताछ की गई, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। मामले में स्टोर इंचार्ज जय दुबे और साइट इंजीनियर रवि कुमार पर संदेह जताते हुए दोनों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद से दोनों के मोबाइल फोन बंद हैं और उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है।
आरोप है कि 4 अप्रैल को भी संबंधित कर्मियों द्वारा केबल को वाहन में लोड करते देखा गया था। साथ ही, स्टोर में लगे CCTV कैमरे का हार्ड डिस्क भी गायब पाया गया, जिससे साक्ष्य मिटाने की आशंका जताई जा रही है।
पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### खड़े हाईवा से टकराई बाइक, पति की मौत पत्नी घायल

**पूर्वी सिंहभूम**। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा–हाता मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। यह घटना सुबह करीब पांच बजे तुड़ी गांव के समीप,पेट्रोल पंप के पास हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार,श्याम सिंह मुंडा(50) मूल रूप से पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर अनुमंडल के उलीडीह गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में जमशेदपुर के बिरसानगर में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। मंगलवार की सुबह वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से अपने पैतृक गांव उलीडीह जा रहे थे। इसी दौरान तुड़ी गांव के पास सड़क किनारे खड़े एक हाईवा वाहन से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से जा टकराई।

## बचरा में बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार**। पिपरवार क्षेत्र के बचरा 4 नंबर में कोल इंडिया एससी-एसटी एम्पलाइज सिस्टा के बैनर तले भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं भव्य तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद मुंडा एवं संचालन कामेश्वर राम ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों सहित आमंत्रित सदस्यों को गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
समारोह के मुख्य अतिथि पंकज कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी सीएचपी/सीपीपी पिपरवार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नागेश कुमार गोपाल (क्षेत्रीय कार्मिक एवं प्रशासनिक), हेमचंद महतो (क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी), शिशिर गर्ग (कार्मिक प्रबंधक अशोक ओसीपी), दिलीप कुमार आनंद (खान अधीक्षक अशोक ओसीपी), अनिमेष कुमार ठाकुर (क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक) एवं अभय कुमार (पिपरवार थाना प्रभारी) शामिल रहे।
इसके अतिरिक्त आमंत्रित सदस्यों में रविंद्र नाथ सिंह (सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर सह क्षेत्रीय सचिव जेएमएस), भीम सिंह यादव (क्षेत्रीय सचिव सीएमयू), विद्यापति सिंह (क्षेत्रीय सचिव आरसीएमएसयू), सतीश कुमार पांडे (क्षेत्रीय सचिव आरसीएमएस), ओमप्रकाश प्रजापति (क्षेत्रीय अध्यक्ष), सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया सह महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव गुंजन कुमारी सिंह, आजसू नेता विनोद सिंह उर्फ विधायक दर्शन गंझू तथा पंचायत समिति सदस्य किरण देवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय बचरा की छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

### बाबा साहब की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**बरही**। गुड़ियों बैंक मोड़ स्थित अंबेदकर चौक पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेदकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कैयूम के साथ बिजैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।
अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय का प्रतीक है, जिन्होंने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। आज भी उनके विचार समाज को मार्गदर्शन दे रहे हैं। जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज में भाईचारा कायम करना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## बचरा गुरुद्वारा साहेब में श्रद्धा के साथ मनाया गया वैसाखी पर्व



**पिपरवार**। पिपरवार- कोयलांचल क्षेत्र के बचरा स्थित गुरुद्वारा साहेब में मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ वैसाखी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में क्षेत्र के सिख श्रद्धालुओं सहित अन्य समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे निशान सेवा के साथ की गई। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ सेवा कार्य में भाग लिया। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से सुखमनी साहेब का पाठ आरंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु वाणी का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया तथा क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।
वैसाखी पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने अरदास कर समाज में भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। दोपहर 1:30 बजे से गुरु का लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## पिपरवार की 30 जरूरतमंद बेटियों को भेंट किए गए 'श्रीराम लहंगे'



**नवीन मेल संवाददाता**

**पिपरवार**। हजारीबाग के माननीय सांसद मनीष जायसवाल की ओर से सामाजिक सरोकार की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू, किचटो और पाताल पंचायत के सुदूरवर्ती गांवों में जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के लिए "श्री राम लहंगा" वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन बहनों के सपनों को साकार करना है, जो अपने विवाह के विशेष अवसर पर लहंगा पहनना चाहती हैं। पिपरवार मंडल के सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल एवं मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो के नेतृत्व में इस अभियान को धरातल पर उतारा गया।
बुंडू पंचायत के मंडाटांड़ और बागुता, किचटो पंचायत के हफुआ और बराडीह तथा पाताल पंचायत के ग्राम कोले एवं लोहरसा में कुल 30 लहंगे उपहार स्वरूप भेंट किए गए। लहंगा प्राप्त करने वाली प्रमुख लाभुकों में कंचन कुमारी, कविता कुमारी, बेलमती, मनीषा, रिंकी, आरती, सुभारती, अनिता, किरण, कुंती, सुनीता, बिनु, खुशबू, उर्मिला, सुनिधि, नेहा, बालों, प्रियंका, रेखा, फूल और सोनी कुमारी सहित अन्य शामिल रहीं। लहंगा पाकर इन बेटियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल न केवल बेटियों के विवाह में सहयोग कर रहे हैं, बल्कि वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवाकर भी पुण्य का कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हमें अपने सांसद पर गर्व है जो एक भाई का फर्ज निभाते हुए गरीब परिवारों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।
मौके पर सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो, बुंडू मुखिया तुलसी तुरी, रंजीत तुरी, इन्ना कुमारी, युवा मोर्चा के शिवम साहू, जगदीश महतो, शीतल महतो, चतुर्भुज शर्मा, नकुल शर्मा, मुकेश मुंडा, गणेश महतो, विक्की साहू, अजय साहू और मुकेश गंझु सहित भारी संख्या में पंचायत कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बाबा साहेब के आर्थिक विचारों से हुई आरबीआई की स्थापना : रविंद्र सिंह



**पिपरवार**। भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और योगदान पर आयोजित एक कार्यक्रम में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने उनके बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षाविद और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से कुल 32 डिग्रियां प्राप्त की थीं और उन्हें नौ भाषाओं का गहन ज्ञान था, जो उनकी अद्वितीय विद्वता को दर्शाता है।सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि बहुत कम लोगों को यह जानकारी है कि देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की स्थापना के पीछे भी बाबा साहेब के आर्थिक विचारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी प्रसिद्ध शोध पुस्तक द प्रोब्लेम ऑफ द रूपीज में भारतीय मुद्रा प्रणाली से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए थे। इसी पुस्तक में प्रस्तुत विचारों और सुझावों के आधार पर भारतीय मुद्रा और बैंकिंग व्यवस्था को दिशा मिली, जिसका प्रभाव आज भी देखने को मिलता है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई डॉ अंबेडकर की जयंती



**पिपरवार**। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर कदमा हजारीबाग में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार सिंहा जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार नाग द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि को विद्यालय की वरिष्ठ आरती दीदी जी के द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। वे भारतीय संविधान के जनक, महान समाज सुधारक तथा दलितों के मसीहा थे। बाबा साहब ने छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी, जो सामाजिक आंदोलन से लेकर महान सत्याग्रह तक फैली रही। उनकी शिक्षा के प्रति निष्ठा और समानता के संघर्ष ने भारत को नया दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने बाबा साहब के जीवन के प्रमुख संघर्षों पर भी प्रकाश डाला। बचपन का कठिन अनुभव — स्कूल में भीमराव को अन्य बच्चों से अलग जमीन पर बोरी बिछाकर बैठना पड़ता था। उन्हें पानी पीने के लिए चपरासी पर निर्भर रहना पड़ता था। जिस दिन चपरासी नहीं आता था, उस दिन उन्हें प्यासा रहना पड़ता था। महार तालाब सत्याग्रह — दलितों को सार्वजनिक स्थानों से पानी लेने का अधिकार नहीं था। बाबा साहब ने इसके खिलाफ संघर्ष कर दलितों को पानी लेने का अधिकार दिलाने के लिए सत्याग्रह किया। संविधान निर्माता — भारत के स्वतंत्र होने पर उन्हें देश का पहला कानून मंत्री एवं संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने भारतीय संविधान में स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की मजबूत नींव रखी।
बौद्ध धर्म में धर्मांतरण — जीवन भर जातीय भेदभाव से संघर्ष करने के बाद उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ हिंदू धर्म त्याग कर बौद्ध धर्म अपनाया, क्योंकि वे समानता और मानवता की खोज में थे।

### सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई, 2.660 टन अवैध कोयला जब्त



**पिपरवार**। पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत अशोका परियोजना में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.660 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। यह कार्रवाई मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 को सीआईएसएफ की 'सी' कंपनी द्वारा अशोका परियोजना के बेती गांव के समीप चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह विशेष अभियान शाम 5:00 बजे से 6:30 बजे तक संचालित किया गया। अभियान के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने संदिग्ध स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के क्रम में अवैध रूप से एकत्रित कोयले का भंडारण पाए जाने पर उसे जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए कोयले को सुरक्षा बलों की निगरानी में WB-08 (वे-ब्रिज) पर तौला गया, जहां उसका कुल शुद्ध वजन 2.660 टन दर्ज किया गया। तौल प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब्त कोयले को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निर्धारित कोल डंप में सुरक्षित रूप से अनलोड कराया गया।

**नशामुक्ति पर जोर** मलहरा गांव में 611 वां जैप 5 मुख्यालय देवघर में 612 वां खुशी चौपाल संपन्न

# नशा जिंदगी-परिवार को निगल जाता है, मुस्कान छीन लेता है : मुकेश

- **नशा धीरे-धीरे सपनों, रिश्तों और सम्मान सब कुछ को निगल जाता है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर**। मंगलवार को मलहरा गांव में 611 वां व जैप 5 का मुख्यालय देवघर में जवानों के बीच 612 वां खुशी चौपाल का प्रभावशाली आयोजन किया गया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची एवं खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। मलहरा गांव में कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन सुशील महत्ता ने किया। जबकि जैप 5 में अध्यक्षता एसपी दीपक कुमार ने किया। मौके पर एसपी दीपक ने कहा कि आज के दौर में सबसे बड़ी जरूरत लोगों के जीवन में "खुशी" को स्थापित करने की है, क्योंकि खुश मन ही सही निर्णय लेने की ताकत देता है। मलहरा में महत्ता ने कहा कि खुशी चौपाल हर गांव में लगनी चाहिए। किसी भी गांव का पहचान जमीन नहीं, वहां के बच्चे होते हैं। इसलिए बच्चों को हर हाल में शिक्षा दें। अगर एक बच्चा भी सफल हुआ तो पूरे गांव की पहचान उससे हो जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने अपने संबोधन में नशा और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों पर तीखा व तर्कसंगत प्रहार किया। उन्होंने कहा, "नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, पूरे परिवार की नींव को खोखला कर देता है। यह धीरे-धीरे सपनों, रिश्तों और सम्मान—सब कुछ निगल जाता है। वहीं बाल विवाह मासूम बचपन की मुस्कान छीनकर उन्हें जिम्मेदारियों के बोझ तले दबा देता है। यह न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि इंसानियत के भी विरुद्ध है।"उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि बदलाव किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि छोटी-छोटी जिम्मेदारियों से शुरू होता है।
"अगर हर व्यक्ति अपने आसपास के 5 मीटर की दूरी को 'गोद' ले ले और वहां सकारात्मक सोच, सही मार्गदर्शन व बौद्धिक सहयोग देने का संकल्प ले, तो पूरा समाज खुद-ब-खुद बदल सकता है।"
चौहान ने यह भी जोर दिया कि नशा छोड़ने और बाल विवाह रोकने के लिए केवल कानून नहीं, बल्कि समाज की जागरूकता और सामूहिक इच्छाशक्ति जरूरी है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे खुद उदाहरण बनें और दूसरों को भी सही दिशा दिखाएं।
मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने नशा से दूर रहने, बाल विवाह नहीं करवाने तथा सकारात्मक सोच के साथ समाज में बौद्धिक सहयोग देने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं बच्चे मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ इस पहल का समर्थन किया।

## न्यूज बॉक्स

### भुरकुंडा में डॉ भीमराव अम्बेडकर विचार मंच ने बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई



**भुरकुंडा**। डॉ भीम राव अम्बेडकर विचार मंच पतरातू प्रखण्ड के तत्वावधान में भुरकुंडा अंबेडकर स्थल में भारत रत्न डॉ० भीम राव अंबेडकर जयन्ति धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम को अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष बालेश्वर राम और संचालन आजाद भुईंया व राजन राम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि मनोज राम उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। मौके पर बालेश्वर राम, विजय राम, रविन्द्र कुमार दास, दिनेश राम, आजाद भुईयाँ, गोपेश्वर राम, विजय मेहरा, महावीर राम, बबलू राम, अरविन्द राम, प्रदीप राम, कर्मवीर राम,राजन राम, सुजीत राम, राजेन्द्र करमाली, शिव कुमार, विक्की, रवि, लखन राम, जगरनाथ पासवान, गोविन्द राम, कुलदीप राम, पंकज राम, पवन कुमार रवि, दिपक राम,राजेन्द्र राम सहित अन्य मौजूद थे।

### पावन क्रूस विद्यालय भुरकुंडा में जलियांवाला बाग कांड की भावपूर्ण् नाट्य प्रस्तुति की गई



**भुरकुंडा**। पावन क्रूस विद्यालय भुरकुंडा में प्रार्थना सभा में बैसाखी के पावन अवसर पर विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने जलियांवाला बाग हत्याकांड की मार्मिक नाट्य प्रस्तुति की। छात्रों ने अपने अभिनय के माध्यम से 1919 में अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेजी हुकूमत द्वारा किए गए निर्दोष लोगों के नरसंहार की भयावहता को जीवंत कर दिया।
कार्यक्रम के दूसरे चरण में विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर सुमंती ने भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर की जयंती केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के दलितों, शोषितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उनके महान योगदान को याद करने का अवसर है।

### रीवर साइड गुरुद्वारा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया वैसाखी पर्व




**भुरकुंडा** ।रीवर साइड गुरुद्वारा में मंगलवार को वैसाखी पर्व पूरे श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में विशेष कार्यक्रम अरदास और गुरुवाणी, कीर्तन का आयोजन हुआ। इसके बाद भव्य लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिथि प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, झामुमो नेता सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, परमजीत सिंह धामी, प्रो. संजय सिंह, हृदय दांगी, अशोक मिश्रा ने गुरुद्वारा में मत्था टेककर अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। गुरुद्वारा के प्रधान भूपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू ने बताया कि सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी हरविंदर सिंह सैनी की ओर से लंगर की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान भूपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, हरविंदर सिंह, बलजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, विणु भगत सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### पिपरवार विकास विद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर प्रतियोगिताओं का आयोजन




**पिपरवार**। पिपरवार-कोयलांचल क्षेत्र के पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध किशोर प्रसाद एवं पिपरवार विकास विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमाकांत महतो ने दीप प्रज्वलित कर एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान शिक्षक शैलेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में वर्ग सातवीं की काजल कुमारी प्रथम, वर्ग आठवीं की छात्रा लेखमणि कुमारी द्वितीय एवं वर्ग आठवीं की छात्रा रंजू कुमारी तृतीय स्थान पर रही।
भाषण प्रतियोगिता में वर्ग आठवीं की छात्रा लेखमणि कुमारी प्रथम, वर्ग सातवीं की छात्रा जूही कुमारी द्वितीय तथा वर्ग सातवीं की छात्रा सोनी कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

### टाटानगर स्टेशन से महिला यात्री का सूटकेस चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम**। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री का ट्रॉली सूटकेस चोरी होने का मामला सामने आया, जिसमें आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई से आरोपित को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना मंगलवार को प्लेटफार्म संख्या 02 और 03 के बीच हुई, जब छत्तीसगढ़ के कोरबा निवासी किरण सिंह ट्रेन से उतरने के बाद अपना सामान संभाल रही थीं। बताया जाता है कि इसी दौरान उनका ट्रॉली सूटकेस चोरी हो गया। सूटकेस में उनके जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बीपीएससी परीक्षा का एडमिट कार्ड, कपड़े और करीब 600 रुपये नगद रखे हुए थे। घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी टाटा की टीम तुरंत सक्रिय हुई और स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान संदिग्ध की पहचान शुभम गुप्ता के रूप में हुई, जो जमशेदपुर के मनीफीट इलाके का निवासी है।

**विचार प्रवाह** मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिए स्वयं को एक योग्य मंदिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध- संपन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# आधी आबादी की पूरी राजनीति के बीच उभरती 'नारी शक्ति'

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कभी भारतीय महिलाओं को केवल 'वोट बैंक' या परिवार के वोटर के तौर पर देखा जाता था। पर आज व्यवसाय, शिक्षण संस्थान,बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों से लेकर प्रशासनिक सेवा के विभिन्न पदों पर महिलाएं पूरी दक्षता से कार्यभार ही नहीं निभा रहीं बल्कि घर,समाज और देश की नीतियां बनाने वाली बन रही हैं। भारतीय राजनीति में उन्हें टुकड़े-टुकड़े में कुछ-कुछ मिला जिस कारण उनकी जीत पर मुखियापति,सरपंचपति,विधायकपति,सांसदपति जैसे शब्दों का प्रचलन बढ़ा पर सदियों से घरों और पर्दों में बंद नारी शक्ति को लगता है अब बड़े बदलाव के रूप में बड़ा अधिकार देने का समय आ गया है । 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को भाजपा और एनडीए देश की आधी आबादी को सत्ता और सदन में उनका वाजिब हक दिलाने की एक पक्की गारंटी बता रही है तो विपक्षी पार्टियां इसे चुनावी स्टंट बता रहीं हैं। 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन ने बदलते नए भारत की तस्वीर पेश की। जिनका कहना था कि भारत का विकास तब तक अधूरा है, जब तक उसकी अगुवाई महिलाएं न करें। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई राजनीतिक दांव नहीं है बल्कि यह एक नए और सशक्त भारत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं नीति निर्माण की टेबल पर बैठती हैं, तो फैसले अधिक संवेदनशील, समावेशी और दूरदर्शी होते हैं। परिवार चलाने वाली महिला जब देश चलाने में अपनी भूमिका निभाएगी, तो वह शिक्षा, स्वास्थ्य और जमीनी विकास जैसे मुद्दों को राजनीति के केंद्र में लेकर आएगी। उनका यह बयान इस बात का संकेत है कि सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण के भागीदार के रूप में देख रही है। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह अधिनियम राजनीति के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल देगा। वहीं, विपक्ष की राजनीति और जनता का सवाल यह है कि क्या सचमुच ऐसा हो पाएगा ? नीति निर्माण में महिलाओं का होना इतना अहम क्यों है? समाज शास्त्रियों का कहना है कि जब महिलाएं सत्ता में होती हैं, तो नीतियां बुनियादी ढांचे के साथ-साथ मानव विकास सूचकांकों (जैसे मातृ स्वास्थ्य, शिशु पोषण, और शिक्षा) पर अधिक केंद्रित होती हैं। महिलाएं अक्सर जमीनी समस्याओं (जैसे पीने के पानी की किल्लत, रसोई गैस की महंगाई, और कानून-व्यवस्था) का सीधा सामना करती हैं। इसलिए जब वे नीतियां बनाती हैं, तो उनके समाधान अधिक व्यावहारिक होते हैं। कई वैश्विक शोध बताते हैं कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व वाले क्षेत्रों में सुशासन और पारदर्शिता का स्तर अपेक्षाकृत बेहतर होता है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि कोई भी महिला सीधे संसद या विधानसभा नहीं पहुंच सकती, जब तक कि वह आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वतंत्र न हो। अभी तक उन्हें बच्चों की जिम्मेदारी और घरेलू कामों की जिम्मेदारी ही दी जाती रही है पर हाल की केंद्र सरकार की कई योजनाएं एक ऐसा आत्मविश्वास भरा माहौल तैयार कर रही हैं, जो महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आत्मनिर्भरता भी दे रहा है और नेतृत्व की ओर प्रेरित कर रहा है। कभी पंचायतों में आंचल से सर छुपाने वाली महिलाएं अब सवाल पूछ रहीं हैं क्योंकि प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। लखपति दीदी योजना स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। इसका लक्ष्य तीन करोड़ महिलाओं को कम से कम 1 लाख रुपए की वार्षिक आय तक पहुंचाना है, जिससे वे अपने परिवार और गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन सकें। नमो ड्रोन दीदी योजना ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण और 80 प्रतिशत तक सब्सिडी (8 लाख रुपए तक) प्रदान करती है, जिससे वे कृषि में ड्रोन तकनीक का उपयोग कर सकें। यह योजना महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए गए कुल ऋणों में से लगभग 68 प्रतिशत से अधिक ऋण महिला उद्यमियों को मिले हैं। यह योजना महिलाओं को रोजगार मांगने वाले की बजाय रोजगार देने वाला बना रही है। अनेक राज्यों में पीएम आवास योजना के तहत दिए जा रहे घरों की रजिस्ट्री में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। घर का मालिकाना हक मिलने से समाज और परिवार में महिलाओं के निर्णय लेने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उज्ज्वला योजना और जल जीवन मिशन योजनाओं ने महिलाओं के हर दिन के कई घंटे बचाए हैं। इस बचे हुए समय का उपयोग वे अपने कौशल विकास और आर्थिक आय बढ़ाने में कर रही हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए मातृ वंदना योजना के तहत 5,000 रुपए की सहायता और पोषण और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से महिलाएं शिक्षा और आर्थिक सुरक्षा पा रहीं हैं। सुकन्या समृद्धि योजना माता-पिता को कम उम्र से ही बेटी के भविष्य के लिए बचत करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जो महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता का आधार है। झारखंड में भी मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना कमाल कर चुकी है।

# रणनीतिक पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रहा है भारत का औषधि उद्योग

आज की बात



जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री

> उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं।

वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। लंबे समय से जेनरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है। यह विज़न गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिजाइन की गई हैं। इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटिबायोटिक, वैक्सीन, एंज़ाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है। अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। 1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित



किए जाएंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनायेंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेज़ी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपाय जीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी।

जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके।

नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगति और बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही 4 लाख करोड़ से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है। अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है। निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम जैसी पहलों, नैदानिक अवसंरचना के विस्तार और लक्षित निर्माण प्रोत्साहनों के समर्थन से, भारत धीरे-धीरे मात्रा-संचालित जेनेरिक दवा केंद्र से उच्च-मूल्य वाले बायोफार्मा नवाचार अग्रणी देश की ओर आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल में भारत की भूमिका को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न, विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्यों को हासिल करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

# बैसाखी : आस्था, साहस और खालसा सृजन का पावन पर्व

## सवा लाख से एक लड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं

अलग बात



इंद्रजीत सिंह डिंपल

बैसाखी का पावन पर्व भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हर वर्ष 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह पर्व एक ओज़र जहां नई फसल और समृद्धि का प्रतीक है, वहीं सिख इतिहास में यह दिन एक महान सामाजिक और धार्मिक क्रांति के रूप में स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष दीवान का आयोजन होता है जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु वाणी का श्रवण कर सेवा, समानता और साहस के आदर्शों को आत्मसात किया कर कर अपने शहीदों और गुरुओं को याद करते हैं। बैसाखी का संबंध सनातन परंपरा से भी गहराई से जुड़ा है। यह दिन सूर्य के मेष राशि में प्रवेश का प्रतीक है, जिसे नववर्ष और नई ऊर्जा के रूप में देखा जाता है। किसानों के लिए यह पर्व परिश्रम के फल की प्राप्ति का उत्सव है, जो प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। 17वीं शताब्दी का भारत सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक उथल-पुथल का दौर था। उस समय मुगल साम्राज्य का शासन था, और कई क्षेत्रों में धार्मिक असहिष्णुता, जबरन मतांतरण, तथा सामाजिक अन्याय की घटनाएं सामने आती थीं। इस कालखंड में विशेष रूप से औरंगज़ेब के शासनकाल को लेकर इतिहास में कठोर धार्मिक नीतियों और उत्पीड़न के उल्लेख मिलते हैं। इसी वातावरण में समाज में भय, असुरक्षा और अन्याय के खिलाफ एक सशक्त, संगठित और निडर समुदाय की आवश्यकता महसूस की गई—जो न केवल अपने धर्म और सम्मान की रक्षा कर सके, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़ा हो सके और कमजोरों की रक्षा कर सके।

### खालसा पंथ का सृजन : एक क्रांतिकारी पहल

इन्हीं परिस्थितियों में 1699 की बैसाखी के दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने एक विशाल सभा में उपस्थित संगत से बलिदान की मांग की और पांच ऐसे व्यक्तियों का चयन किया, जिन्होंने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने की तत्परता दिखाई। यही पांच व्यक्ति "पंच प्यारे" कहलाए।

### पंच प्यारों के नाम और पृष्ठभूमि इस प्रकार हैं

- भाई दया सिंह - लाहौर के खत्री
- भाई धर्म सिंह - हस्तिनापुर के जाट
- भाई हिम्मत सिंह - जगन्नाथपुरी के झीवर
- भाई मोहकम सिंह - द्वारका के छीपा
- भाई साहिब सिंह - बीदर के नाई

इन पांचों का विभिन्न जातियों और क्षेत्रों से होना इस बात का स्पष्ट संदेश था कि खालसा पंथ जाति, भेदभाव और ऊंच-नीच से परे एक समानता आधारित समाज की स्थापना का प्रतीक है।

### 'सिंह' व 'कौर': नई पहचान, नया आत्मबल

गुरु गोबिंद सिंह जी ने इन पंच प्यारों को अमृत छकाकर उन्हें "सिंह" की उपाधि दी, जिसका अर्थ है "शेर"-अर्थात् साहस, निडरता और आत्मसम्मान का प्रतीक। महिलाओं को "कौर" की उपाधि दी गई, जो गरिमा और सम्मान का प्रतीक है। यह केवल नाम परिवर्तन नहीं था, बल्कि समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और भय की मानसिकता को समाप्त करने की एक क्रांतिकारी पहल थी। हर खालसा को यह संदेश दिया गया कि वह निडर होकर अन्याय के खिलाफ खड़ा हो और सत्य के मार्ग पर चले। विशेष बात यह रही कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने स्वयं भी पंच प्यारों से अमृत ग्रहण किया, जिससे यह सिद्ध हुआ कि गुरु और शिष्य में कोई भेद नहीं-सभी समान हैं।

### बैसाखी का आधुनिक संदेश

आज जब गुरुद्वारों में बैसाखी के अवसर पर दीवान सजते हैं, कीर्तन-प्रवचन होते हैं और लंगर के माध्यम से समानता का संदेश दिया जाता है, तब यह पर्व हमें अपने गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है। बैसाखी हमें यह सिखाती है कि समाज में अन्याय, भय और भेदभाव के खिलाफ साहसपूर्वक खड़ा होना ही सच्चा धर्म है। यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मबल, त्याग, समानता और मानवता की रक्षा का जीवंत संदेश है-जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 1699 में था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### जमीर बेच रहे हैं, ईमान बेच रहे हैं



रशीद अकेला

तीर बेच रहे हैं लोग
नफरत के कमान बेच
रहे हैं
सच है के लोग जमीर
बेच रहे हैं ईमान बेच
रहे हैं
लाशों पे बेगुनाहों के
जाके देखा मैंने
मौत बेच रहे हैं मौत का सामान बेच रहे हैं
इंसानियत के पैरोकार कहां हैं जहां में
नफरत वाला हिंदू देख रहे हैं मुसलमान
देख रहे हैं
जुल्म करने से खामोश देखने वाला वाला
है बड़ा मुजरिम
लोग तो बस अपना नफा और नुकसान देख रहे हैं
सड़कों पे होते है तमाशे रोज उठते हैं इज्जत के
जनाजे रोज
रोज मरती इंसानियत मरता इंसान देख रहे हैं
वतन को अपने संभल रखा है निः स्वार्थ
मगर रशीद
रोज़ खेतों किसान और सरहदों में मरता
जवान देख रहे हैं

राष्ट्रीय नवीन मेल
## धर्म-अध्यात्म

### उद्दीप्त भावना




स्वामी चिन्मयानंद

निश्चय ही मनुष्य का मन उसके कर्मों को आदेश देता है, किन्तु इसके विपरीत यह भी सत्य है कि कर्मों का प्रभाव मन के ऊपर कम नहीं पड़ता। शरीर का आसन और उसकी स्थिरता मन में तदनुरूप प्रवृत्ति उत्पन्न करती है। अपने मुख की दुखी आकृति बना कर दर्पण में दो-तीन मिनट देखते रहिये और फिर अपने मन की दशा का अवलोकन करिए। क्या उसमें निराशा, उदासी और दुःख का भाव नहीं दिखाई देता? अब मुख में मुस्कारने की आकृति बनाकर दर्पण में देखिये। एक मिनट के बाद अपने मन का निरीक्षण कीजिए। आप देखेंगे कि उसमें प्रसन्नता की तरंग फिर आ गयी है। इसी मनोविज्ञान के आधार पर कर्मकाण्ड में शरीर की मुद्रायें और भक्ति साधना में ईश्वर-विग्रह के साथ प्रेम-क्रीड़ा का विधान बनाया गया है। उनके द्वारा हमें अपेक्षित भावना उत्पन्न करने में सहायता मिलती है। यही आध्यात्मिक साधना का उद्देश्य भी है। स्नान के बाद ताजगी का अनुभव, प्रार्थना के समय ढीले रेशमी वस्त्र, पूजा का एकान्त स्थान, धूपवत्ती का सुलगना, माथे पर चंदन का लेप, प्रकाशित दीप, भगवान् की सुसज्जित मूर्ति, मधुर संगीत, मंत्रोच्चारण, पुष्प आदि ऐसा वाह्य वातारवण प्रस्तुत करते हैं जिससे मन में अपेक्षित भावना जाग्रत होती है। सच्चा साधक प्रारम्भ में इन सब की सहायता ले कर मन में भक्ति भाव धारण करने का उपाय जान लेता है और फिर ध्यान में लग जाता है। बहुत बार साधक कुछ देर के लिए विश्राम, शान्ति और सुख की मानसिक दशा में आता है। किन्तु यह स्थिति सहसा आती और चली जाती है। उसके आने का कोई निश्चित अनुमान नहीं किया जा सकता।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# नई चेतना के स्वर नए, बदलाव के भ्रमर नए

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम : इक्कीसवीं सदी की सबसे खूबसूरत बात !

देश की बात



सीमा चंद्रिका तिवारी

आप किसी अनजान जगह पर जाते हैं, साथ में दोस्त है, बहन है, मां है। फैसला नहीं कर पाते-दूर सुनसान में उस जगह पर बैठकर खाना सुरक्षित है या नहीं। दो-चार महिलाएं दिखीं, अगर एक भी दिखे तो आपको लगता है-जगह सही है। यही होता है-एक औरत के कहीं होने का मतलब। वह किचन में रही तो सुकून रहा कि सब ठीक रहेगा-खाना भी, और घर के खाने से स्वास्थ्य भी। वह माँ-बाप के आस-पास रही तो सुकून रहा कि उनकी देखभाल हो रही है।

बच्चों के साथ रही तो पुरुषों ने बेफिक्री से बाहर नौकरी की, काम के बाद भी काम किया-क्योंकि पता था, घर जाकर सुकून है। वही औरत जब बाहर काम करने निकली, तो वहां भी धीरे-धीरे, संघर्ष करते-करते, नौकरी, घर, परिवार, समाज-सब संभालते-संभालते अच्छा करने लगी।

लेकिन कब तक ये प्रगति की परिधियां सीमित रहेंगी? समवेत स्वर से साथ दीजिए-कुछ अभूतपूर्व होने वाला है। नारी के उत्थान का रास्ता सदियों से यहीं आकर अवरुद्ध होता रहा है। बताओ हिन्दुस्तान-मातृत्व शक्ति को उसकी सालों की तपस्या के बदले दिया क्या? महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, इसका बिगुल तो बज रहा है-लेकिन संसद में प्रतिनिधित्व का क्या हुआ?
हम तो हिन्दुस्तान की प्रगति इसी से आंकेंगे।

### तथ्य जो सोचने पर मजबूर करते हैं

- भारत की लोकसभा में अब तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 14-15% ही रहा है।
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है।
- यह आरक्षण अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की महिलाओं पर भी लागू होगा।
- यह व्यवस्था जनगणना और परिसीमन (delimitation) के बाद लागू की जाएगी।

तो आइए, इस इतिहास का हिस्सा बनिए।
नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन और स्वागत कीजिए।
क्योंकि—"हुजूर, आते-आते बहुत देर कर दी"
और देर न हो जाए, कहीं देर न हो जाए।
नारी शक्ति वंदन अधिनियम क्रांतिकारी परिवर्तनों के साथ-साथ एक नए हिन्दुस्तान बनने की ओर शुभारम्भ करने जा रहा है।
नयी चेतना के स्वर नए,
बदलाव के भ्रमर नए,
नयी दिशा को जा रहे राही—नए सफर नए।
और महिलाओं की बातें सिर्फ महिलाओं के द्वारा ही क्यों हों?
आपकी बेटी, आपकी दोस्त, आपकी भाभी—उनके सशक्त बनने से आप भी तो सशक्त बनेंगे।
सदियों से रात ने इस सवेरे को बाँध रखा था।
Women will be empowered when they get more power and representation.
आधे हिन्दुस्तान को जिंदगी हाथ आई है।
हाथों से न फिसले—हौसले की मुट्ठी बनाइए।
जिस देश का युवा जागृत हो, उसका भाग्य कभी सो नहीं सकता।
आज सीताओं के वनवास के खत्म होने की बारी है।
मत कहिए—"पॉलिटिक्स में हमें नहीं पड़ना"
आइए—खुद के लिए योजनाएं बनाना सीखिए।
आपकी भागीदारी सिर्फ परिवार तक ही सीमित क्यों रहे, या सिर्फ नौकरी तक ही सीमित क्यों रहे?
अभी नहीं तो कभी नहीं। जहां हैं, वहीं से साथ दीजिए—लिखिए, बोलिए, बातें करिए, बातें पहुंचाइए।
कौन कहता है कि चिल्लाना बुरा है जोर से
चिल्लाओ कि मुर्दे जाग जाएँ एक तेरे शोर से।
चिल्लाओ कि डर से डर का शीशा चूर हो जाए।
चिल्लाओ कि डर से डर ये सारा दूर हो जाएं
चिल्लाओ कि खुद पे खुद का इतना ज़ोर हो जाए
चिल्लाओ की अब कई रातों की एक भोर हो जाए ....
आइए—जो सो रहे हैं, उन्हें जगाइए।
बराबरी का नया भारत बनाइए।
प्रधानमंत्री जी के प्रयासों को सफल बनाइए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

धरा वही, पानी वही, वही हवा है सा'ब।
क्या बदला है जो हुई, इतनी फिराक खराब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**महिला आरक्षण :** सरकार ने संशोधन विधेयक का मसौदा जारी किया

# लोकसभा सीटें बढ़ाकर 850 करने का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने मंगलवार को सांसदों के साथ संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 का मसौदा साझा किया। यह महिला आरक्षण विधेयक में प्रस्तावित संशोधन है, जिसका उद्देश्य लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करना है, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सदस्य शामिल होंगे।

यह बिल राज्यों के निर्वाचन क्षेत्रों से सीधे चुनाव द्वारा चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या पर 815 की सीमा प्रस्तावित करता है।

केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के लिए बिल में कहा गया, "केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए 35 से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जिनका चुनाव उस तरीके से किया जाएगा जैसा संसद कानून द्वारा निर्धारित करे।"

वर्तमान में राज्यों से लोकसभा के 530 सदस्य और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 सदस्य हैं। हालांकि, एक परिसीमन आयोग ने यह संख्या 543 निर्धारित की थी।

बिल में एक और जरूरी बदलाव आबादी की परिभाषा है, जिससे पार्लियामेंट को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए।

संविधान के आर्टिकल 81 के क्लॉज (3) में बदलाव के लिए बिल यह प्रस्ताव करता है, "(3) इस आर्टिकल में 'आबादी' का मतलब ऐसी जनगणना में पता लगाई गई आबादी है, जिसे पार्लियामेंट कानून बनाकर तय कर सकती है और जिसके जरूरी आंकड़े पब्लिश हो चुके हैं।"

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में उस विधेयक को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को जल्द से जल्द लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करना है। साथ ही, इसके जरिए संसद के निचले सदन में सीटों की संख्या बढ़ाने का भी प्रस्ताव है।

संशोधन विधेयक अनुच्छेद 82 में भी परिवर्तन प्रस्तावित करता है, जिसके तहत "प्रत्येक जनगणना के पूरा होने पर, सीटों का आवंटन" स्थान पर "सीटों का आवंटन" शब्द रखे जाएंगे।

प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य कोटे के कार्यान्वयन को 2027 की जनगणना से अलग करना और इसके बजाय इसे 2011 की जनगणना पर आधारित करना है, जिससे 2029 के आम चुनावों से पहले इसे लागू किया जा सके। अनुच्छेद 82 में संशोधन विधेयक परिसीमन आयोग की भूमिका को भी शामिल करने का प्रस्ताव करता है। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभाओं में रोटेशन के आधार पर सीटों के आरक्षण की बात भी करता है और इसमें उन अवधियों से संबंधित अनुच्छेद भी शामिल हैं, जिनके लिए महिलाओं का आरक्षण लागू रहेगा।

## बिहार एक नई शुरुआत की ओर बढ़ेगा: चिराग पासवान

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आज बिहार के लिए एक बेहद अहम दिन है।



उन्होंने कहा कि आज के बाद बिहार एक नई शुरुआत की ओर बढ़ेगा और हम एक युग के अंत का भी अनुभव करेंगे। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि दो दशकों से अधिक समय तक नीतीश कुमार के कार्यकाल, उनकी कार्यशैली और अनुभव ने बिहार को 'जंगल राज' से निकालकर यहां तक पहुंचाया है। अब हम एक नए बिहार, एक विकसित बिहार की उम्मीद कर सकते हैं। मेरा मानना है कि कुछ ही घंटों में जब नए मुख्यमंत्री के नाम की आधिकारिक घोषणा होगी, तो नए सीएम भी नीतीश कुमार के अनुभव और मार्गदर्शन से राज्य को विकसित बिहार बनाने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वही विपक्ष है जिसने मुख्यमंत्री पर निजी टिप्पणियां करने और आरोप लगाने से गुरेज नहीं किया। उन्होंने उनके स्वास्थ्य और कामकाज पर सवाल उठाकर नीतीश कुमार का अपमान करने की कोशिश की। आज वही लोग उनके प्रति चिंतित होने का दिखावा कर रहे हैं। आज भी विपक्ष राजनीति करने में लगा

बिहार में पहली बार भाजपा की सरकार

# सम्राट चौधरी आज लेंगे सीएम पद की शपथ

**एजेंसी। पटना**

बिहार के बीजेपी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी राज्य का नई सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। उनको भारतीय जनता पार्टी विधायक दल ने अपना नेता चुन लिया। इसके बाद एनडीए विधायक दल ने भी उन्हें अपना नेता चुना। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह की मौजूदगी में हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में उनको नेता चुना गया।

इसके बाद एनडीए के विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें उनको नेता चुना गया। यह बैठक फिलहाल जारी है। इसमें बीजेपी के अलावा एनडीए में शामिल जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू), लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (एलजेपी-आर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के विधायक हिस्सा ले रहे हैं।

एनडीए विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी के नाम पर सहमति बनने के बाद उन्हें एनडीए के विधायक दल का नेता घोषित किया गया। बैठक के पश्चात सम्राट चौधरी राजभवन जाएंगे। वे वहां राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन से मिलेंगे और एनडीए के विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।



### 11.36 करोड़ के मालिक सम्राट

बिहार के नए सीएम सम्राट चौधरी 2025 के हलफनामे के मुताबिक 11.36 करोड़ के मालिक हैं। साल 2020 में विधान परिषद चुनाव के दौरान सम्राट और उनके परिवार की कुल संपत्ति लगभग 8.86 करोड़ रुपये थी, जो 2025 तक बढ़कर 11.36 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई।

पिछले पांच वर्षों में उनकी कुल संपत्ति में लगभग 2.5 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है, जो सालाना लगभग 50 लाख रुपये की बढ़ोत्तरी को दिखाता है। उनकी आय के मुख्य स्त्रोतों में किराया और पेंशन शामिल है, जबकि उनकी पत्नी वकालत और किराये से आय अर्जित करती हैं। साल 2025 में सम्राट चौधरी ने तारापुर विधानसभा क्षेत्र (मुंगेर) से चुनाव लड़ा था। उस वक्त दाखिल हलफनामे के मुताबिक सम्राट चौधरी और उनके परिवार के पास कुल 11 करोड़ 36 लाख रुपये की संपत्ति हैं। सम्राट चौधरीः 99,32,738 रुपये। इसमें 1.35 लाख रुपये नकद, विभिन्न बैंकों में जमा राशि और म्यूचुअल फंड में निवेश (लगभग 31.83 लाख रुपये) शामिल है। पत्नी-कुमारी ममताः उनकी चल संपत्ति 27,89,690 रुपये है।

### नीतीश ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**पटना।** नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा सौंपने की प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपने पद से त्यागपत्र सौंपा और इसके बाद वह लोक भवन से बाहर निकले। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के लिए एक भावुक पोस्ट भी किया। नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी।

### आज होगा शपथ ग्रहण

राज्यपाल की सहमति मिलने के बाद बुधवार 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे के बाद सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ दो उप मुख्यमंत्री भी शपथ ले सकते हैं। उप मुख्यमंत्री पद के लिए नेताओं का चयन एनडीए विधायक दल की बैठक में होने की संभावना है।

### नीतीश का काम आगे बढ़ाएंगे चौधरी : शिवराज सिंह

बीजेपी के विधायक दल की बैठक के बीद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने बहुत काम किया। सड़कों का जाल बिछाया, महिला सशक्तिकरण का काम किया। शराबबंदी, शिक्षा, स्थानीय निकाय चुनाव, जीविका दीदियों का आजीविका के लिए काम किया। पहला कृषि रोड मैप किसी ने बताया तो वो नीतीश कुमार ने बनाया। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने जो काम किया, उस काम को अब सम्राट चौधरी आगे बढ़ाएंगे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा बंगाल में 'लव जिहाद' और 'बहुविवाह' की प्रथा को समाप्त करेगी: शाह

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अगर इस महीने के अंत में होने वाले दो चरणों के विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करके राज्य में व्याप्त 'लव जिहाद' और 'बहुविवाह' की प्रथा को समाप्त कर देगी।



उन्होंने मालदा जिले के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोगों को एक साथ चार विवाह करने की स्वतंत्रता है, लेकिन चिंता न करें। अगले महीने बंगाल में सरकार बनने के बाद यूसीसी लागू कर दी जाएगी। एक समय में चार विवाह करने की प्रथा समाप्त हो जाएगी। राज्य में अब 'लव जिहाद' या 'लैंड जिहाद' नहीं होगा। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के पिछले 15 वर्षों के दौरान राज्य में भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में शामिल लोगों को कड़ी चेतावनी दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अगर वे सोचते हैं कि वे बच निकलेंगे, तो वे गलतफहमी में हैं। परिणाम घोषित होने दीजिए और नई सरकार का गठन होने दीजिए। भ्रष्टाचार में लिप्त प्रत्येक व्यक्ति सलाखों के पीछे होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर तृणमूल कांग्रेस के असामाजिक तत्व 23 और 29 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश करते हैं, तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि इसलिए मैं उन्हें चेतावनी दे रहा हूं कि मतदान के दिनों में वे अपने घरों में रहें। अन्यथा, उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसी के साथ, केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक हुमायूं कबीर का पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने का सपना कभी पूरा नहीं होगा।

### बंगाल में बुलडोजर नहीं चलते यहां के लोग प्रणाम करते हैं : ममता

**पश्चिम मेदिनीपुर।** प्रदेश की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर वाले बयान पर पलटवार किया। ममता ने कहा कि आजकल उत्तर प्रदेश जल रहा है।



योगी बाबू यहां आकर भाषण देते हैं और कहते हैं कि बंगाल में बुलडोजर चलते रहेंगे। पिंगला में मंगलवार को जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल में बुलडोजर नहीं चलते। बगाली सलाम करता है, 'प्रणाम' करता, 'जय हिंद' कहता है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। ममता के मुताबिक 'जब बंगाल के लोग भाजपा शासित राज्यों में जाते हैं, तो उन्हें प्रताड़ित किया जाता है और बंगाली बोलने पर उन्हें घुसपैठिया कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश का बुलडोजर केवल सड़क ठीक नहीं करता, माफियाओं का भी इलाज करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भी भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल दो चरणों में चुनाव होंगे।

## मेरे मार्गदर्शन में चलेगी नई एनडीए सरकार: नीतीश कुमार

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार की राजनीति के दिग्गज नेता नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे 20 साल के उस युग का अंत हो गया। उनके इस्तीफे के बाद, सबकी निगाहें इस बात पर होंगी कि नीतीश



कुमार का उत्तराधिकारी कौन होगा, जो निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं और राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ले चुके हैं। राजनीतिक दल-बदल के लिए जाने जाने वाले 75 वर्षीय जेडीयू प्रमुख, जिनकी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को लोक भवन में सौंपा। यह इस्तीफा एनडीए की बिहार विधानसभा चुनावों में जेडीयू के दमदार प्रदर्शन के दम पर मिली शानदार जीत के पांच महीने बाद आया है। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने अपने इस्तीफे से पहले अपनी कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिससे राज्य में पहली बार भाजपा सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है।

अपने इस्तीफे के बाद एक ट्वीट में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसे सभी क्षेत्रों में समाज के हर वर्ग के लिए काम किया, जिसमें महिलाओं और युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि नई सरकार इन जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाएगी और उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि हमने 24 नवंबर, 2005 को पहली बार राज्य में एनडीए सरकार बनाई थी। तब से कानून का शासन दृढ़ता से स्थापित है और हम विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहे हैं। शुरुआत से ही हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग हिंदू, मुस्लिम, उच्च जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, दलित और महादलित के लिए काम किया है।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 2,926 उम्मीदवार मैदान में: चुनाव आयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कुल 2,926 उम्मीदवार मैदान में बने हुए हैं।

पश्चिम बंगाल (द्वितीय चरण) के लिए जहां 29 अप्रैल को मतदान होना है, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल थी, जिसके बाद 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की गई। उम्मीदवारों को 13 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन वापस लेने की अनुमति थी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद उम्मीदवारों की कुल संख्या को अंतिम रूप दे दिया गया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, इसमें 1,478 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरे चरण में 142 क्षेत्र शामिल हैं, जिसमें 1,448 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस प्रकार, दोनों चरणों में उम्मीदवारों की कुल संख्या 2,926 है। आयोग ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) चुनाव संचालन नियम, 1961 के अनुसार आधिकारिक राजपत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित करेंगे। इसके अतिरिक्त, नामांकन, जांच और नाम वापस लेने से संबंधित सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से सीलबंद करके प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आधिकारिक अभिरक्षा में रखा जाएगा। ईसीआई ने आगे कहा कि नागरिक ईसीआईएनईटी ऐप के 'अपने उम्मीदवार को जानें' अनुभाग के माध्यम से उम्मीदवारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति, देनदारियों और डाउनलोड करने योग्य शपथ पत्रों से संबंधित डेटा शामिल है।

# इस्लामाबाद में फिर आमने-सामने होंगे अमेरिका व ईरान

- युद्ध रोकने के लिए दूसरे दौर की वार्ता इसी हफ्ते संभव

**एजेंसी। इस्लामाबाद**





ईरान और अमेरिका को बातचीत की मेज पर फिर से लाने के लिए पाकिस्तान उच्च स्तर पर कोशिश कर रहा है और दोनों पक्ष अगले सप्ताह तक इस्लामाबाद में वार्ता के दूसरे दौर के लिए फिर से मिल सकते हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने मंगलवार को यह खबर दी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने उच्च पदस्थ सूत्रों के हवाले से खबर दी कि अमेरिका और ईरान के बीच रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए संपर्क जारी हैं और 21 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की समाप्ति से पहले बातचीत दोबारा शुरू हो सकती है।

### बैठक के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा पाकिस्तान

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इसहाक डार और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर दूसरे दौर की वार्ता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, जिससे पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त हो सकता है। इस्लामाबाद में आयोजित कुछ उच्च स्तरीय बैठकों में, दोनों पक्षों के शीर्ष नेतृत्व के बीच वार्ता के अगले दौर की तैयारी के संकेत दिए गए हैं। अमेरिका और ईरान ने गत सप्ताहांत 47 वर्षों में पहली बार सीधी बातचीत की थी। कुछ सूत्रों ने बताया कि वार्ता का अगला दौर बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद में हो सकता है। हालांकि, उसी दिन प्रधानमंत्री शहबाज युवराज मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर सऊदी अरब की यात्रा पर भी जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सऊदी अरब और तुर्किये की संक्षिप्त यात्राएं करेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज ने आठ अप्रैल को घोषणा की थी कि दोनों पक्ष दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। यह घोषणापश्चिम एशिया में लगभग छह सप्ताह से चले युद्ध के बाद और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समय सीमा से दो घंटे से भी कम समय पहले की गई।

## एक नजर

### दोस्त अफगानिस्तान के लिए भारत का तोहफा टीबी के लिए 13 टन वैक्सीन भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने दोस्त देश अफगानिस्तान के लिए फिर तोहफा भेजा है। भारत ने तपेदिक (टीबी) के खिलाफ अफगानिस्तान के बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए 13 टन बीसीजी टीके और संबंधित सामग्री भेजी है। भारत अक्सर अफगानिस्तान को मदद मुहैया कराता रहा है। भारत ने जनवरी में काबुल में 7.5 टन जीवन रक्षक कैंसर दवाएं भेजी थीं। भारत एक अच्छा पड़ोसी होने के नाते हमेशा से ही मुसीबत के समय में मदद के लिए खड़ा रहता है। दोनों देशों के बीच गहरा संबंध है। पिछली मुलाकात में भारत के स्वास्थ्य मंत्री ने पुष्टि की थी कि दवाओं और वैक्सीन के साथ एक सीटी स्कैन मशीन जल्द ही काबुल के बच्चों के हॉस्पिटल में भेजी जाएगी। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री मावलवी नूर जलाल जलाली ने दिसंबर में नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की थी।

### वसंत विहार इलाके में ब्रिगेडियर और बेटे से मारपीट मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के वसंत विहार इलाके में सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी (ब्रिगेडियर) और उनके बेटे के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 11 अप्रैल को वसंत एन्क्लेव इलाके में हुई थी, जहां शराब पीने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल मर्सिडीज कार की पहचान होने के बाद कार्रवाई तेज की गई और उसमें सवार दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतेंद्र उर्फ सोनू (49 वर्ष) निवासी मेहरम नगर, नई दिल्ली, और संजय शर्मा (56 वर्ष) निवासी मेहरम नगर के रूप में हुई है। सतेंद्र 'चौधरी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी में डायरेक्टर बताया जा रहा है, जो चार्टर्ड और कार्गो उड़ान सेवाओं के साथ-साथ विमानों और उनके पुर्जों के कारोबार से जुड़ी है, जबकि संजय शर्मा मेहरम नगर स्थित 'पंडित जी ढाबा' का संचालन करता है।

### अरुणाचल प्रदेश के 23 स्थानों का नया नाम चीन ने घोषित किया, भारत ने कड़ी आपत्ति

**नई दिल्ली।** चीन ने एक बार फिर भारत के अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ जहर उगला है। उसने कहा है कि चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश को को कभी मान्यता नहीं दी है। उसने अरुणाचल प्रदेश को जांगनान (दक्षिणी तिब्बत) बताया। चीन ने 10 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के 23 स्थानों का नया नाम घोषित किया था। इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। अब इसी के जवाब में चीन का यह बयान आया है। चीन 2017 से समय-समय पर अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का चीनी नाम जारी करता रहता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मंगलवार को कहा, "जांगनान चीन का क्षेत्र है, और चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित किए गए तथाकथित "अरुणाचल प्रदेश" को कभी मान्यता नहीं दी है।" गुओ जियाकुन ने दावा किया कि जांगनान क्षेत्र के कुछ स्थानों के नामों को मानकीकृत करना पूरी तरह से चीन की संप्रभुता के अंतर्गत आता है।

### आर्मी कमांडर्स के बीच पहुंचे कैबिनेट सचिव कहा- स्वयं के एआई सिस्टम विकसित करने होंगे

**नई दिल्ली।** आर्मी कमांडर्स सम्मेलन में मंगलवार को देश के कैबिनेट सचिव डॉ टीवी सोमनाथन ने शिरकत की। यहां टॉप आर्मी कमांडर्स के बीच पहुंचकर कैबिनेट सचिव ने कहा कि भारत को अपने स्वयं के एआई सिस्टम विकसित करने होंगे। उन्होंने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कैबिनेट सचिव का कहना था कि चुनौती के समय पूरे देश को एकजुट होकर काम करना होगा। गौरतलब है कि नई दिल्ली में भारतीय सेना की कमांडर्स कांफ्रेंस चल रही है। कैबिनेट सचिव ने सेना के कमांडर्स सम्मेलन में ये अहम विचार रखे। सैन्य कमांडर्स की इस कांफ्रेंस में कैबिनेट सचिव डॉ टीवी सोमनाथन ने वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित किया। उन्होंने यहां मार्ग दर्शन देते हुए बदलते वैश्विक और क्षेत्रीय हालात के बीच भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने सैन्य कमांडर्स से हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने पर जोर दिया।

### इरान और अमेरिका संयंम बरते : राष्ट्रपति मैक्रों

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक की मेजबानी करेंगे। पीएम स्टार्मर और मैक्रों के कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। इस बीच फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दावा किया कि उन्होंने मौजूदा हालात को लेकर अपने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेश्कियन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की है। एक्स पर उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों से उन्होंने संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया, "मैंने इस्लामाबाद में रुकी हुई बातचीत को फिर से शुरू करने, गलतफहमियों को दूर करने और किसी भी तरह के उकसावे से बचे रहने की अपील की।"उन्होंने लेबनान को इस सीजफायर की जद में लाने की भी बात कही। बोले- यह खास तौर पर जरूरी है कि सभी पार्टियां सीजफायर का सख्ती से पालन करें और इसमें लेबनान भी शामिल हो।

### सिंध में एचआईवी संक्रमितों की संख्या बढ़ी 14 साल से कम उम्र के 329 बच्चे भी शिकार

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध की एक खौफनाक तस्वीर वहां के मीडिया संस्थानों ने सिंध स्वास्थ्य विभाग के हवाले से बयां की है। बताया कि सिंध प्रांत में महज तीन महीनों के दौरान ही एचआईवी संक्रमितों की तादाद काफी बढ़ी है। सबसे परेशान करने वाली बात ये है कि इसमें 14 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या भी अच्छी खासी है। जाने-माने पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट एआरवाई डिजिटल ने स्वास्थ्य अफसरों की ओर से जारी आंकड़ों के आधार पर बताया कि सिंध में एचआईवी के मामले खतरनाक गति से बढ़ रहे हैं; सिर्फ तीन महीनों में सैकड़ों नए संक्रमितों की रिपोर्ट सामने आई है, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि सिंध भर में एचआईवी संक्रमण लगातार बढ़ रहा है; साल के पहले तीन महीनों में 894 संक्रमित पाए गए। इनमें 332 पुरुष, 204 महिलाएं और 29 ट्रांसजेंडर संक्रमित पाए गए। अधिकारियों के अनुसार ये आंकड़े ही संक्रमण के बढ़ते स्तर को दर्शाते हैं।

### बलूचिस्तान के रिहायशी इलाके में पाक सेना ने बरसाए बम, 12 की मौत

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में फिर पाकिस्तानी सेना की ज्यादती सुर्खियों में है। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रांत के बरखान के एक रिहायशी इलाके में बम बरसाए गए जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत 12 की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, बीएलए ने भी दावा किया कि उसने 8-12 अप्रैल के बीच अलग-अलग हमलों में आठ पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पाकिस्तानी सेना पर हमला किया, जिसमें 12 सुरक्षाकर्मी मारे गए। हमले के बाद, पाकिस्तानी सेना ने कथित तौर पर रिहायशी इलाकों में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें लोग मारे गए। मरने वालों में 70 साल के शख्स से लेकर 2 साल का बच्चा शामिल है।

## विजडन ने दीप्ति शर्मा को बेस्ट महिला क्रिकेटर चुना

**एजेंसी । नई दिल्ली**



● 'फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर' में गिल-जडेजा समेत 4 भारतीय; ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क बेस्ट पुरुष खिलाड़ी

क्रिकेट की 'बाइबल' कही जाने वाली पत्रिका विजडन क्रिकेटर्स अल्मानैक ने इस साल ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को 'लीडिंग पुरुष क्रिकेटर' और भारत की दीप्ति शर्मा को 'लीडिंग महिला क्रिकेटर' चुना। पत्रिका का 163वां संस्करण 15 अप्रैल को प्रकाशित होने जा रहा है। इस साल विजडन ने 'फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर' में 4 भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी। इनमें टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

### गिल को विजडन ट्रॉफी

गिल को शानदार प्रदर्शन के लिए विजडन ट्रॉफी दी गई। उन्होंने एजबेस्टन टेस्ट में 430 रन बनाकर मैच जिताया था। अभिषेक शर्मा को साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 खिलाड़ी चुना गया, जिन्होंने कैलेंडर ईयर में 1000 रन दो रन प्रति गेंद से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए। स्टार्क ने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 11 टेस्ट में 55 विकेट लिए और वेस्टइंडीज के खिलाफ 6/9 का करियर बेस्ट प्रदर्शन किया। एशेज 2025-26 के पहले दो टेस्ट में 18 विकेट लेकर सीरीज में कुल 31 विकेट झटके।

## अमेलिया केर मार्च महीने के लिए आईसीसी की 'विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुनी गईं

**नई दिल्ली** । न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर को मार्च महीने के लिए आईसीसी का 'विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। इस खिलाड़ी ने बीते महीने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में बल्ले और गेंद, दोनों से रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया था। मार्च 2026 में खेले गए चार वनडे मुकाबलों में अमेलिया ने 78.57 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाए। इसके अलावा, 3.77 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट भी लिए। जब न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज में जिम्बाब्वे को 3-0 से हराया, तो अमेलिया 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहीं। इस सीरीज के दूसरे मैच में उन्होंने 34 रन देकर 7 विकेट हासिल किए थे। इस बीच 6 टी20 मुकाबलों में अमेलिया ने 158.62 के स्ट्राइक रेट से 276 रन बनाए और छह विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने इस फॉर्मेट में लगातार 11 बार 30 या उससे ज्यादा रन बनाने का सिलसिला जारी रखा।



फॉर्म में लौटी चेन्नई सुपर किंग्स

# सीएसके लगातार जीता दूसरा मैच, केकेआर को 32 रन से रौंदा

**एजेंसी। चेन्नई**

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 22वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। सीएसके ने इस मुकाबले में कोलकाता को पूरी तरह से डॉमिनेट किया और 32 रन से मैच अपने नाम कर लिया। बता दें कि चेन्नई की यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने चेन्नई में ही दिल्ली कैपिटल्स को हराया था। अब सीएसके के 4 अंक हो गए हैं।

### कुछ ऐसी रही थी सीएसके की पारी

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की खराब फॉर्म इस मुकाबले में भी जारी रही। ऋतुराज 6 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद दूसरे विकेट के लिए संजू सैमसन और आयुष म्हात्रे ने मोर्चा संभाला और 22 गेंदों में 47 रनों की अहम साझेदारी निभाई।

आयुष महज 17 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 38 रन बनाने के बाद आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन ने 32 गेंदों में 48 रन बनाए। सैमसन ने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। सरफराज खान अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और वह 18 गेंदों में 23 रन बनाने के बाद सुनील नरेन की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। डेवाल्ड ब्रेविस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 41 रनों का योगदान दिया। ब्रेविस ने अपनी इस पारी में 4 चौके और 2 छक्के लगाए।

अंत के ओवरों में शिवम दुबे संघर्ष करते हुए नजर आए और वह 12 गेंदों में 13 और जेमी ओवरटन 7 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में केकेआर की ओर से कार्तिक त्यागी ने 35 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय और सुनील नरेन ने एक-एक विकेट निकाला।

## अंडर-18 एशिया कप तैयारी: झारखंड के 11 खिलाड़ी राष्ट्रीय हॉकी कैंप में चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंडर-18 एशिया कप 2026 की तैयारी के तहत सब जूनियर भारतीय महिला एवं पुरुष हॉकी टीम के कोचिंग कैंप के लिए झारखंड के 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह कैंप 19 से 25 अप्रैल 2026 तक भारतीय खेल प्राधिकरण के सीएससी, साई सेंटर भोपाल में आयोजित किया जाएगा। महिला वर्ग में झारखंड की 8 खिलाड़ी—सुगन सांगा, संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी, अंकिता लकड़ा, श्रुति कुमारी, खिली कुमारी, नीलम टोपनो और प्रीति बिलुंग शामिल हैं, जबकि पुरुष वर्ग में आशीष तानी पूर्ति, प्रेमचंद सोय और जयसन कांडूलना का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों का चयन हाल ही में रांची और राजगीर में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

यह एशिया कप 29 मई से 6 जून 2026 तक जापान के काकामीगाहारा में आयोजित होगा। झारखंड के 11 खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने खुशी जताते हुए सभी को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट में आरएनडी सेल की 39 रन से जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । मेकॉन ग्राउंड में खेले गए ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट 2025-26 मुकाबले में आरएनडी सेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हेहल स्पोर्टिंग को 39 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरएनडी सेल की टीम 38.1 ओवर में 199 रन पर ऑलआउट हो गई, जिसमें मोहित ने 54, उत्तम ने 35 और सर्वेश ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में नागेंद्र ने 3/38, श्रवण ने 2/35 और विशाल ने 2/58 विकेट लिए। जवाब में हेहल स्पोर्टिंग की टीम 34.1 ओवर में 160 रन पर सिमट गई। नागेंद्र ने 65, विशाल ने 22 और श्रवण ने 21 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आरएनडी सेल की ओर से प्रशांत ने 3/14, राहुल ने 3/27 और मोहित ने 2/31 विकेट लेकर टीम को शानदार जीत दिलाई।

## 'खेल में नफरत की जगह नहीं', नस्लवाद के आरोपों पर आया एआईएफएफ का बयान

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने हाल ही में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के एक मैच के दौरान कथित नस्लवादी व्यवहार की कड़ी निंदा की है और भेदभाव के खिलाफ अपने सख्त रुख को दोहराया है। एआईएफएफ ने मामले को जांच के लिए अनुशासन समिति के पास भेजने की पुष्टि की है। यह विवाद रविवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम में केरला ब्लास्टर्स एफसी और बेंगलुरु एफसी के बीच आईएसएल मैच के बाद सामने आया।

## झारखंड वॉलीबॉल संघ के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोरहाबादी में झारखंड वॉलीबॉल संघ के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। राज्य सरकार के खेल विभाग द्वारा प्रदेश में खेल गतिविधियों को सशक्त और संगठित करने के उद्देश्य से सभी खेल संघों को कार्यालय उपलब्ध कराने की पहल के तहत यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सरकार लगातार इस दिशा में प्रयासरत है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसी क्रम में पूर्व खेल निदेशक शेखर जमुआर के विशेष प्रयासों से संघ को यह कार्यालय प्राप्त हुआ, जो संचालन और गतिविधियों को नई गति देगा। उद्घाटन समारोह में संरक्षक शेखर बोस और शेखर जमुआर वीडियो माध्यम से जुड़े, जबकि जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंदु दूबे, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सहाय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। शिवेंदु दूबे ने कहा कि कार्यालय मिलने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली मजबूत होगी और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण व चयन में पारदर्शिता आएगी। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सहाय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एएफसी चैंपियंस लीग 2026/27 सीजन से टीमों की संख्या में होगा इजाफा

**कुआलालंपुर** । एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (एएफसी) की प्रतियोगिता समिति ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट (एसीएल एलीट) में हिस्सा लेने वाले क्लबों की संख्या 24 से बढ़ाकर 32 करने की सिफारिश की है। नई संरचना के तहत, प्रतियोगिता को समान रूप से विभाजित किया जाएगा, जिसमें पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में 16-16 टीमें होंगी। एएफसी की ओर से जारी बयान में कहा गया, "इस विस्तार का उद्देश्य एलीट क्लबों को महाद्वीप के सर्वश्रेष्ठ क्लबों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करना है। साथ ही पूरे एशिया में घरेलू लीगों के भीतर व्यावसायिकता और प्रदर्शन के उच्च मानकों को प्रोत्साहित करना है। लीग चरण के समापन पर, प्रत्येक क्षेत्र में पहले से छठे स्थान पर रहने वाले क्लबों को 'राउंड ऑफ 16' के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिलेगा। 7वें से 10वें स्थान पर रहने वाले क्लब बाहर नहीं होंगे।



## संजू सैमसन मार्च महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को मार्च महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाया गया है। सैमसन ने मार्च महीने में समाप्त हुई टी20 विश्व कप में लगातार तीन यादगार पारियां खेलते हुए भारतीय टीम को विश्व चैंपियन बनाने में यादगार भूमिका निभाई थी। पुरस्कार मिलने के बाद आईसीसी के हवाले से सैमसन ने कहा, "आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब जीतना एक जबरदस्त एहसास है, खासकर इसलिए क्योंकि यह मेरे क्रिकेट के सफर के सबसे यादगार दौर में मिला है। पुरुषों के टी20 विश्व कप में भारत की जीत में हिस्सा लेना सच में एक सपना सच होने जैसा था, और उस पल की अहमियत को पूरी तरह समझने में थोड़ा समय लगा। उन्होंने कहा, "यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक रोमांचक दौर है, जिसमें हर तरफ बहुत प्रतिभाएं हैं। मुझे मिले मौकों और अपने साथियों और कोचिंग स्टाफ के भरोसे और सहयोग के लिए मैं शुक्रगुजार हूं, जिससे मैं अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया। सैमसन के साथ ही टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को भी मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया था।

## वंदना कटारिया: ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला हॉकी में वंदना कटारिया का नाम बेहद सम्मान के साथ लिया जाता है। पिछले



एक दशक में भारतीय महिला हॉकी के उत्थान में जिन खिलाड़ियों का सबसे अहम योगदान रहा है, उनमें वंदना का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वंदना का जन्म 15 अप्रैल, 1992 को रोशनाबाद, (पहले उत्तर प्रदेश, अब उत्तराखंड) में हुआ था। वंदना ने फॉरवर्ड के तौर पर बड़ी पहचान बनाई। कटारिया को 2006 में भारतीय जूनियर टीम में चुना गया था। 2009 में उन्होंने सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। 2013 महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में भारत की शीर्ष गोल-स्कोरर होने के नाते वंदना ने प्रसिद्धि हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में भारत ने कांस्य पदक जीता था। वंदना के करियर की उपलब्धियों पर गौर करें तो वह 2014 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## अमेरिकी नाकेबंदी से रोजाना 20 लाख बैरल ईरानी तेल के वैश्विक बाजारों से बाहर होने की आशंका

**एजेंसी । नई दिल्ली**



अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू होने के साथ रोजाना करीब 20 लाख बैरल ईरानी तेल के वैश्विक बाजारों से बाहर होने की आशंका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे वैश्विक सप्लाई पर दबाव बढ़ेगा और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में और इजाफा हो सकता है। नोमुरा में इस क्षेत्र पर नजर रखने वाले विश्लेषक बिनीत बांका ने अपने नोट में लिखा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की पूरी तरह नाकेबंदी भारत के लिए एलपीजी सप्लाई को भी प्रभावित कर सकती है। पिछले एक महीने में भारत ने कम से कम 8 एलपीजी टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित पार कराए हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी घोषणा की है कि अमेरिका किसी भी जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान को टोल देने की अनुमति नहीं देगा। हालांकि भारत ने हाल ही में अपने एलपीजी जहाजों के लिए कोई टोल नहीं दिया है, लेकिन आगे की स्थिति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। नोमुरा ने अपने नोट में कहा, "अगर यह संघर्ष लंबा चलता है, तो रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से सप्लाई संतुलित करने की क्षमता धीरे-धीरे कमजोर पड़ सकती है, जिससे तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं। इस बीच, ऐसी खबरें हैं कि अमेरिका और ईरान पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के नेतृत्व में सप्ताहांत में हुई वार्ता के किसी नतीजे पर नहीं पहुंचने के बाद बातचीत के दूसरे दौर पर विचार कर रहे हैं।

इसी कारण कच्चे तेल की कीमतें सोमवार को 107 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, हालांकि मंगलवार को संभावित बातचीत की उम्मीद के चलते कीमतें फिर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गईं। पिछले एक हफ्ते में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होकर यह करीब 98 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। नोमुरा का मानना है कि शांति वार्ता विफल रहने के कारण तेल की कीमतों में 'वॉर रिस्क प्रीमियम' और बढ़ सकता है। अगर अमेरिका पूरी तरह से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर देता है, तो वैश्विक तेल सप्लाई की स्थिति और खराब हो सकती है। हाल के हफ्तों में तेल की कीमतों में आई तेजी ने सऊदी अरब के निर्यात में आई गिरावट की भरपाई कर दी है। मार्च 2026 में सऊदी अरब की तेल आय सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सऊदी अरब ने अपनी ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के जरिए 7 मिलियन बैरल प्रतिदिन की पूरी क्षमता हासिल कर ली है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य को बायपास करती है और रेड सी तक जाती है।

## सरकार ने देश में ईंधन की 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की : पेट्रोलियम मंत्रालय





**नई दिल्ली ।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के बीच केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी), घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) की 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की है। सरकार ने अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दिया है। साथ ही प्रवासी श्रमिकों को 5 किलोग्राम एफटीएल की आपूर्ति दोगुनी कर दी है।

पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय के मुताबिक 23 मार्च से अब तक पांच किलोग्राम के 14.3 लाख से अधिक एफटीएल सिलेंडर की बिक्री की गई है। मार्च से अब तक लगभग 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शनों में गैस की आपूर्ति की गई, जबकि 4.88 लाख अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। देशभर में बंदरगाहों पर संचालन सामान्य रूप से जारी है और किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ की सूचना नहीं है। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर कुवैत, इजराइल, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों के

## पोषण अभियान: 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों और 9 करोड़ लाभार्थियों की संभव हुई डिजिटल निगरानी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सरकार ने मंगलवार को बताया कि अब मिशन के तहत पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन जैसे डिजिटल टूल्स की मदद से देश भर के 14 लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों और करीब 9 करोड़ लाभार्थियों की लगभग रियल-टाइम निगरानी संभव हो पाई है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पोषण अभियान के 8 साल पूरे होने पर, इसके 'जन आंदोलन' मॉडल ने पूरे देश में लोगों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। पोषण माह और पोषण पखवाड़ा जैसे अभियानों



के जरिए अब तक 150 करोड़ से ज्यादा गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। बयान में कहा गया कि यह मिशन पोषण से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए तकनीक, बेहतर तालमेल (कन्वर्जेंस) और समुदाय की भागीदारी पर बढ़ते फोकस को दिखाता है। कार्यक्रम के विकास से यह स्पष्ट हुआ है कि अलग-अलग क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय, मजबूत सेवा वितरण और लोगों की आदतों में बदलाव लाने के निरंतर प्रयास, पोषण सुधार के लिए बेहद जरूरी हैं। 'मिशन पोषण 2.0' में बदलाव के साथ सेवा की गुणवत्ता सुधारने, बच्चों की शुरुआती देखभाल बढ़ाने और अंतिम स्तर तक सेवाएं पहुंचाने पर खास ध्यान दिया गया है।

सरकार ने बताया कि इस मिशन के तहत पोषण को स्वास्थ्य, शिक्षा, शुरुआती बाल देखभाल और सामुदायिक भागीदारी से जोड़ा गया है ताकि कमजोर वर्गों को समग्र सहायता मिल सके।

## सरकार ने ओवरलोडेड वाहनों के शुल्क संबंधी नियमों में किया बदलाव

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे पर ओवरलोडेड (अधिक वजन वाले) वाहनों के लिए शुल्क संबंधी नियमों में बदलाव करते हुए नए नियम अधिसूचित किए हैं। इन नियमों को 'नेशनल हाईवे फीस (रेट निर्धारण और संग्रह) चौथा संशोधन नियम, 2026' के तहत लागू किया गया है। ये नए नियम 15 अप्रैल 2026 से लागू होंगे, और इनका उद्देश्य ओवरलोडिंग पर नियंत्रण, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नए नियमों के तहत अब ओवरलोडिंग के प्रतिशत के आधार पर शुल्क लिया जाएगा। अगर कोई वाहन 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त वजन ले जा रहा है, तो उस पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। लेकिन अगर वाहन 10 प्रतिशत से ज्यादा और 40 प्रतिशत तक ओवरलोड है, तो उसे बेस रेट का दोगुना शुल्क देना होगा।

वहीं, 40 प्रतिशत से ज्यादा ओवरलोड वाले वाहनों पर बेस रेट का चार गुना शुल्क लगाया जाएगा। नियमों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ओवरलोडिंग की जांच टोल प्लाजा पर लगे प्रमाणित वजन मापने वाले उपकरणों से की जाएगी। अगर किसी टोल प्लाजा पर वजन मापने की सुविधा नहीं है, तो वहां ओवरलोड शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से बेहतर होगी कनेक्टिविटी

**देहरादून** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देहरादून में दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन किया। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे को 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। यह कॉरिडोर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से होकर गुजरता है और इसके चालू होने के बाद दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय लगभग छह घंटे से घटकर सिर्फ ढाई घंटे रह जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल एक सड़क परियोजना नहीं है।

## भारत में यात्री वाहनों की बिक्री मार्च में 16 प्रतिशत बढ़ी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली** । भारत में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 4,42,460 यूनिट्स हो गई है। इसकी वजह मांग में सुधार और डीलरशीप के पास अधिक इन्वेंट्री होना था। यह जानकारी सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चर्स (सियाम) की ओर से मंगलवार को दी गई। इससे पहले, पिछले साल मार्च में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,81,358 यूनिट्स थी। मार्च में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत बढ़कर 19,76,128 यूनिट्स हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 16,56,939 यूनिट्स थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 21.4 प्रतिशत बढ़कर 76,273 यूनिट्स हो गई है।

## वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में जस्ट डायल का मुनाफा 36.6 प्रतिशत गिरा, रेवेन्यू में हल्की बढ़त

**एजेंसी । मुंबई**

जस्ट डायल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही (क्यू4) में अपने मुनाफे में 36.6 प्रतिशत की सालाना गिरावट दर्ज की है। जस्ट डायल ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि कंपनी का शुद्ध लाभ (नेट प्रॉफिट) वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 100 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2025 की इसी तिमाही में 160 करोड़ रुपए था। हालांकि मुनाफे में गिरावट के बावजूद कंपनी का राजस्व 6.2 प्रतिशत बढ़कर 307.2 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 290 करोड़ रुपए था। ऑपरेशनल स्तर पर कंपनी का ईबीआईटीडीए 3.2 प्रतिशत बढ़कर 88.8 करोड़ रुपए हो गया, जबकि ईबीआईटीडीए मार्जिन 28.9 प्रतिशत रहा। टैक्स से पहले परिचालन लाभ (ऑपरेटिंग प्रॉफिट) 76.1 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। हालांकि, 'अन्य आय' में भारी गिरावट का असर कुल मुनाफे पर पड़ा। यह आय सालाना आधार पर 55.2 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 42.5 प्रतिशत गिरकर 48.6 करोड़ रुपए रह गई।

## बनहरदी परियोजना में आंबेडकर जयंती पर बच्चों को बांटी गई सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** बनहरदी कोयला खनन परियोजना के साइट कार्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को नमन किया। इस अवसर पर परियोजना के अपर महाप्रबंधक (कोयला खनन) एम. चंद्र सेगर, वरिष्ठ प्रबंधक विनेश कुमार, उप प्रबंधक (मानव संसाधन) संजय कुमार, अधिकारी (मानव संसाधन) आदित्य वैश्य तथा कार्यपालक (भूमि अधिग्रहण/पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन) अबीर लाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है, जिससे प्रेरणा लेकर समाज में समानता और न्याय की स्थापना की जा सकती है। इस अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आसपास के विद्यालयों के बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं पानी की बोतलों का वितरण किया गया।

# मनिका में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन

### एसडीओ के निर्देश पर जांच तेज, विधायक ने दी चेतावनी, अवैध कब्जा मिला तो होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के समीप डिग्री कॉलेज के पास सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। सदर एसडीओ अजय कुमार रजक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मनिका के अंचलाधिकारी (सीओ) को विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

एसडीओ ने बताया कि डिग्री कॉलेज के समीप भू-माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर बाउंड्री निर्माण किए जाने की शिकायत प्रशासन के संज्ञान में आई है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अंचलाधिकारी को जांच का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होती है, तो अवैध रूप से बनाए गए बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और प्रशासन इसको लेकर पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया जा चुका है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

वहीं, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ज्ञात हो कि मनिका क्षेत्र में लंबे समय से भू-माफियाओं के सक्रिय होने की शिकायत मिलती रही है। फर्जी कागजात के माध्यम से सरकारी जमीन हड़पने के कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। इस मुद्दे को स्थानीय मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है।

इधर, कांग्रेस के युवा जिला महासचिव मिथिलेश पासवान ने भी प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अंचल कार्यालय परिसर में धरना देने को बाध्य होंगे।

फिलहाल प्रशासन की सक्रियता के बाद भू-माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। अब देखना होगा कि जांच के बाद प्रशासन इस मामले में कितनी प्रभावी कार्रवाई करता है और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने में कितना सफल होता है।

## जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। यह परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक निर्धारित है। जिले में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने शिशु विद्या मंदिर एवं गांधी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं और परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

निरीक्षण के दौरान डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आंबेडकर जयंती पर श्रद्धा और सम्मान के साथ दी गई श्रद्धांजलि

# उपायुक्त ने विवेकानंद पार्क में माल्यार्पण कर समरस समाज निर्माण का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को लातेहार जिले में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने चंदनडीह स्थित विवेकानंद पार्क में स्थापित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस दौरान उपायुक्त ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज के वंचित, शोषित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय, स्वतंत्रता और भाईचारे की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में समरसता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान ही एक सशक्त, विकसित और समतामूलक समाज की आधारशिला है।

कार्यक्रम के दौरान अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा एससी मोर्चा ने मनाई आंबेडकर जयंती

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा (एससी), लातेहार द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर विवेकानंद पार्क में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशुन दास के निर्देश पर जिला अध्यक्ष बंसी यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पिंटू रजक ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश समिति सदस्य राजधनी प्रसाद यादव, जिला अध्यक्ष बंशी यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, पंकज यादव, राजेंद्र पासवान, रविंद्र पासवान, आशा देवी, रानी देवी, विष्णुदेव गुप्ता, रितेश कुमार निक्कू, आनंद सिंह, राजबली भुईयां, अजय तिवारी, नागमणि कुमार, पप्पू सिंह, दीपक पासवान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इटखोरी में भव्य शोभा यात्रा के साथ मनी बाबा साहेब की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**




**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के केबी प्लस 2 उच्च विद्यालय इटखोरी में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से ब्लॉक मोड़ तक भीम सेना द्वारा भव्य जुलूस सह शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

शोभा यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने बाबा साहेब के जयघोष के साथ उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके बाद गांधी स्मारक पहुंचकर अतिथियों ने महात्मा गांधी एवं जवाहरलाल नेहरू के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुनः शोभा यात्रा विद्यालय परिसर पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई, जहां उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने कहा कि बाबा साहेब केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने शोषित, वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए और समाज को नई दिशा देने का काम किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, सेवानिवृत्त डीएसपी केदार राम, मनोज कुमार चंद्रा, मनोज सिंह, श्याम सिंह, दुलार ठाकुर, राजेंद्र रजक, रंजय भारती, विशुन देव रविदास, ईश्वर रविदास, अशोक रविदास, कामदेव रविदास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## कुंदा में आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**कुंदा (चतरा)।** बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष सुमन दास के नेतृत्व में कुंदा मेन चौक पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। लोगों से उनके बताए शिक्षा, संगठन और संघर्ष के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। मौके पर जयराम भारती, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत भोक्ता, कुंदा मुखिया मनोज साहू, बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधि बीनोद साहू, सिक्कीदाग मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश यादव, राजद जिला उपाध्यक्ष दिलीप प्रसाद यादव, राजद नेत्री सुनीता देवी, दिव्या भोक्ता, भाजपा नेता मनोज यादव, घनश्याम यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जपला-छतरपुर मार्ग पर सड़क हादसा, तीन युवक गंभीर घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर सोमवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रतनाग गांव निवासी दिलीप कुमार रवि, सूरज कुमार और सुमित कुमार पासवान हुसैनाबाद से लौट रहे थे, तभी गम्हरबीघा के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की स्थिति गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

# आठ वर्षों बाद भी नहीं हट सका अतिक्रमण प्रशासनिक शिथिलता पर उठे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय के चौक बाजार स्थित प्लॉट संख्या 2901 के सामने सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मामला पिछले आठ वर्षों से सुर्खियों में है। इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक शिथिलता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। शिकायतकर्ता रत्नेश कुमार कश्यप, जयप्रकाश कुशवाहा, बिरजू मेहता सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्थान पर वर्षों से अस्थायी शेड, सब्जी एवं फल की दुकानें लगाकर कब्जा किया गया है, जिससे मुख्य सड़क संकरी हो गई है। इससे आमजन एवं विशेषकर आपातकालीन सेवाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि अंचल कार्यालय हैदरनगर द्वारा वर्ष 2018 से 2025 तक चार बार नोटिस देने और सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ज्ञापांक 176, दिनांक 03.05.2018 से लेकर हालिया नोटिस तक कार्रवाई कागजों तक ही सीमित रही है। मुकेश कुमार, जितेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार प्रसाद, अजीत कुमार, श्रुति कुमारी, अर्चित कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, बिरजू मेहता, जयप्रकाश कुशवाहा, जावेद खान सहित कई ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी, लेकिन डेढ़ माह बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि 10 मई 2025 से शुरू "अतिक्रमण हटाओ अभियान" भी अब ठप पड़ चुका है। छोटे अतिक्रमणों पर कार्रवाई कर अभियान को सीमित कर दिया गया है, जिससे बड़े अतिक्रमणकारी निर्भीक हो गए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनहित याचिका दायर करेंगे। अब सवाल यह है कि आम जनता को इस समस्या से कब राहत मिलेगी।

## वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल जयंती पर भव्य दोगोला कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के चौआ चट्टान में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती पर भव्य दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जितेंद्र पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल केवल एक समुदाय के नहीं, बल्कि पूरे समाज के महान योद्धा और समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने अन्याय, जातिगत भेदभाव और सामाजिक अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बेदौलिया स्कूल में 34 बच्चों को मिला पोशाक किट

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में सत्र 2025-26 के तहत कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के 34 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। सरकार के मापदंड के अनुरूप बच्चों को पोशाक के साथ जूते-मोजे और स्वेटर भी उपलब्ध कराए गए। वितरण कार्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रभा देवी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और उनमें समानता की भावना विकसित करने में पोशाक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## कब्रिस्तान बाउंड्री निर्माण को लेकर भगड़ा गांव में आज होगी लाभुक समिति का चयन

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत लटपौरी पंचायत के भगड़ा में कब्रिस्तान की बाउंड्री निर्माण को लेकर लाभुक समिति का चयन बुधवार को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुखिया उमेश राम ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के पत्र के आलोक में पंचायत सचिवालय द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। आदेशानुसार निर्धारित स्थल पर पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित ग्राम सभा में लाभुक समिति का चयन किया जाएगा। इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राजस्व ग्राम के सभी वयस्क सदस्यों की पहचान पत्र के साथ उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

## पेज एक के शेष

### बाबा साहेब ने...

राज्यपाल ने उनके जीवन को संघर्ष, संकल्प और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल की और समाज में व्याप्त भेदभाव तथा असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि आज जरूरत है कि हम उनके विचारों को केवल याद ही नहीं करें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारें। एक समरस और सशक्त समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### जैक ने जारी...

इस वर्ष का परिणाम सभी प्रमंडलों और जिलों में बेहतर रहा है। इससे शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

परिणाम घोषित करते हुए जैक के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने परीक्षा के सफल और पारदर्शी संचालन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों, प्राचार्यों और परीक्षा से जुड़े सभी कर्मियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

जैक अध्यक्ष ने उन छात्रों को भी प्रेरित किया, जो किसी कारणवश अनुपस्थित रहे या अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र आगामी शैक्षणिक अवसरों का लाभ उठाकर निरंतर मेहनत करें और अपने प्रदर्शन में सुधार लाएं।

### झारखंड जगुआर के...

उनका असमय निधन पूरे क्षेत्र और विभाग के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनके परिवार को यह वज्रपात सहने की शक्ति दे। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से दिनेश उरांव, विनोद उरांव, राजा उरांव, महबूब अंसारी, अशोक उरांव, पिंटू राम, महफूज अंसारी, मुशर्रफ अंसारी, सरफराज अंसारी, मुमताज अंसारी और सरवर अंसारी समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

### चतरा में 1 करोड़...

जब्त मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इसके अलावा, आरोपियों के आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही नामजद आरोपी अमारिक गंझु, मनोज गंझु, सरजू गंझु एवं अन्य मौके से फरार हो गए। इस संबंध में लावालौंग थाना कांड संख्या 23/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस अभियान में एनडीपीएस थाना प्रभारी शमी अंसारी, लावालौंग थाना प्रभारी चंदन कुमार, अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे। इस कार्रवाई से जिले में नशा कारोबारियों में दहशत का माहौल है। इसे नशा मुक्ति अभियान की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### मांडर के टोल...

देखते ही देखते बारात के काफिले में शामिल 50-60 लोग उग्र हो गए और लाठी-डंडों से लैस होकर टोल कर्मियों पर टूट पड़े। बारात में शामिल बारातियों ने टोल के मैनेजर सहित कई कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरे में मारपीट और पूरे बवाल की तस्वीर कैद हो गई है। मांडर टोल प्लाजा के मैनेजर के अनुसार, शादी समारोह में जा रहे लोग नियमों को दरकिनार करते हुए गलत दिशा से जाने की कोशिश कर रहे थे। जिस रास्ते से बाइक और ऑटो जाते हैं, उसी रास्ते से ये लोग निकलना चाह रहे थे। यह देख वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड ने जब उन्हें रोका, तो बारातियों ने टोल कर्मियों पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने केबिन के भीतर घुसकर उत्पात मचाया और टोल प्लाजा के मैनेजर समेत वहां मौजूद कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। ड्यूटी पर तैनात महिला कर्मियों के साथ भी मारपीट की। इस दौरान कुछ लोगों ने टोल पर पत्थरबाजी भी की। हमले के दौरान टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। इस खूनी संघर्ष में टोल प्लाजा के मैनेजर और अन्य कर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं। कई कर्मचारियों के सिर फट गए और वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। जानकारी के अनुसार, स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर किया गया है। इधर, रांची पुलिस अब टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी गई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रांची कोषागार में...

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान 'कुबेर पोर्टल' पर वेतन बिल में छेड़छाड़ कर दोनों ने अपने वेतन को कृत्रिम रूप से बढ़ाया और निर्धारित सीमा से अधिक राशि जिला कोषागार से निकाल ली। मामले की जांच के लिए गठित टीम ने 13 अप्रैल को अपनी रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें 67 पन्नों के दस्तावेजी साक्ष्य शामिल हैं।

रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि आरोपियों ने सरकारी नियमों की अनदेखी कर सुनियोजित तरीके से करोड़ों रुपए का गबन किया। कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने पुलिस को दिए आवेदन में जालसाजी और सरकारी धन के दुरुपयोग के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि राज्य में हाल के दिनों में कोषागारों से फर्जी निकासी के कई मामले उजागर हुए हैं। इससे पहले बोकारो ट्रेजरी में एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को दोबारा सेवा में दिखाकर 4.29 करोड़ रुपए की निकासी और हजारीबाग कोषागार से करीब 27 करोड़ रुपए के गबन का मामला सामने आ चुका है। बोकारो और हजारीबाग के मामलों में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों के मद्देनजर राज्य सरकार ने सभी 33 ट्रेजरी और सब-ट्रेजरी की व्यापक जांच के आदेश दिए हैं। आशंका जताई जा रही है कि अवैध निकासी की कुल राशि 50 करोड़ रुपए से अधिक हो सकती है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इसे प्रशासनिक निगरानी की गंभीर विफलता करार देते हुए सभी जिलों के उपायुक्तों को वित्तीय अनुशासन सख्त करने और विस्तृत ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।




# ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर 40 मिनट ईरान जंग पर चर्चा की

## दोनों ने कहा- होर्मुज स्ट्रेट का खुला रहना बहुत जरूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रम्प से कहा, "भारत के लोग आपको पसंद करते हैं। पीएम मोदी इस बातचीत को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा- मुझे मेरे दोस्त राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया। हमने दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में हुए काम और प्रगति पर बात की।

हमने यह भी कहा कि आगे चलकर भारत और अमेरिका के रिश्ते को और मजबूत करेंगे। साथ ही, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई और इस बात पर जोर दिया कि हॉरमुज खुला और सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है।


फाइल फोटो

### अमेरिकी राजदूत बोले- भारत-यूएस में जल्द बड़ा समझौता

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच होर्मुज की घेराबंदी के मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले कुछ दिनों और हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा से जुड़े बड़े समझौते होने की उम्मीद है। राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है और कई अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया जा रहा है। गोर के मुताबिक, ट्रम्प ने पीएम मोदी से कहा कि हम सभी आपसे प्यार करते हैं।

### ट्रंप-मोदी के बीच 20 दिन में दूसरी बातचीत

इससे पहले पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच 24 मार्च को फोन पर बात हुई थी। उस बातचीत में दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के हालात पर बात की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत चाहता है कि तनाव कम हो और जल्द से जल्द शांति बहाल हो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को खुला और सुरक्षित रखने की अहमियत भी बताई थी, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

## मुंबई कॉन्सर्ट में ड्रग ओवरडोज से 2 की मौत, दोनों एमबीए स्टूडेंट पांच आरोपी किए गए गिरफ्तार

**मुंबई ।** मुंबई के गोरेगांव में एक इवेंट में ड्रग के ओवरडोज से 2 लोगों की मौत हो गई। घटना नेस्को सेंटर की है, जहां 11 अप्रैल की रात एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था। मरने वाले युवक और युवती एमबीए स्टूडेंट्स हैं। अभी यह साफ नहीं हो सका है कि मरने वालों ने कौन सा नशीला पदार्थ लिया था। मुंबई के वनराई पुलिस स्टेशन में इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। अब तक इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से एक व्यक्ति इस इवेंट से जुड़ा हुआ है। पुलिस का दावा है कि मरने वालों को ड्रग्स देने वाला व्यक्ति भी स्टूडेंट है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से छह से सात गोलियां बरामद की गई हैं।

## यूके में भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट बर्खास्त, अंग्रेजी न समझ पाने पर नौकरी गई

**एजेंसी । लंदन**

यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यॉर्क एंड स्कारबरो टीचिंग हॉस्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जॉइन किया था। जॉइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं।



आवेदन में कीर्तना ने अंग्रेजी को अपनी पहली भाषा बताया था, लेकिन बाद में रिव्यू मीटिंग में स्वीकार किया कि उनकी मातृभाषा तेलुगु है।

## काशी में डॉक्टर के लैपटॉप से मिला पाकिस्तानी कनेक्शन, बेटा करता था चैटिंग एटीएस ने 7 घंटे खंगाले मोबाइल-बैंक अकाउंट

**वाराणसी ।** वाराणसी में आतंकियों को फंडिंग करने वाले डॉक्टर के घर पर यूपी-मुंबई एटीएस और इंटेलिजेंस ब्यूरो ने छापेमारी की। टीम मंगलवार दोपहर डॉक्टर के घर पहुंची। उसके मोबाइल-लैपटॉप और प्रिंटर को कब्जे में लिया। इसके बाद डॉक्टर के घरवालों और बेटे से पूछताछ की। टीम करीब 7 घंटे तक डॉक्टर के घर में रही। जाते समय टीम मोबाइल, लैपटॉप और प्रिंटर भी साथ ले गई है। वहीं, डॉक्टर के बैंक अकाउंट की डिटेल में लाखों रुपए के टर्नओवर का पता चला है। साथ ही डॉक्टर का पाकिस्तानी लोगों और कश्मीर के संगठनों से कनेक्शन भी मिला है। वह कई संदिग्धों के टच में है। उन लोगों के नंबर डॉक्टर के फोन में सेव मिले हैं। रेड के दौरान डॉक्टर के घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। इस कार्रवाई के पीछे लखनऊ में पकड़े 4 आतंकियों से मिला इनपुट बताया जा रहा है। मामला आदमपुर थाना क्षेत्र का है।



## रेप के आरोपी खरात के ठिकानों पर ईडी का छापा, 52 संपत्तियां रडार पर

### अश्लील वीडियो और धार्मिक सामान से करोड़ों की थी कमाई

**एजेंसी । नासिक**

प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को महाराष्ट्र के चर्चित रेप के आरोपी ढोंगी बाबा अशोक खरात के नासिक, पुणे और शिर्डी समेत 11 ठिकानों पर छापेमारी की। उसके यहां से जमीन, मंदिर, फार्महाउस और फर्जी बैंक खातों से बना सैकड़ों करोड़ का साम्राज्य सामने आया है। ईडी के मुताबिक, खरात ने तीसरे पक्ष के नाम पर 132 बैंक खाते खोले, जिनमें खुद को नॉमिनी बनाकर अपना मोबाइल नंबर लिंक किया और पूरे नेटवर्क को नियंत्रित किया। इन खातों के जरिए कम से कम 62.74 करोड़ के लेनदेन का पता चला है। 52 संपत्तियां जांच के दायरे में हैं। ईडी ने यह केस नासिक पुलिस की एफआईआर के आधार पर दर्ज किया, जिसमें खरात पर उगाही, धार्मिक धोखाधड़ी और महिलाओं के शोषण जैसे आरोप हैं। खरात को एक महिला से 3 साल तक दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ईडी के मुताबिक खरात ने मिरगांव में जमीन खरीदकर ईशान्येश्वर महादेव मंदिर बनवाया और धार्मिक आयोजनों से बड़ी भीड़ और चढ़ावे को फंडिंग का सोर्स बनाया।



### पाकिस्तान में अस्पताल की लापरवाही से 331 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव

# आठ साल के बच्चे की मौत के बाद खुलासा सिरिंज के दोबारा इस्तेमाल से फैला संक्रमण

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ताउंसा शहर में 331 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। ये मामले नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच दर्ज हुए। अब इस मामले में सरकारी अस्पताल में गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। टीएचक्यू ताउंसा अस्पताल में सिरिंज दोबारा इस्तेमाल हो रही थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में एक ही दवा की शीशी से अलग-अलग बच्चों को इंजेक्शन दिया गया। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया। मामले का खुलासा आठ साल के बच्चे मोहम्मद अमीन की मौत के बाद हुआ। उसकी बहन असमा भी एचआईवी पॉजिटिव है। मां का कहना है कि बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवी हुआ। संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ अल्ताफ अहमद ने वीडियो देखने के बाद कहा कि सिरिंज का पिछला हिस्सा वायरस को ट्रांसफर कर सकता है, भले ही नई सुई लगा दी जाए। उन्होंने इसे बेहद खतरनाक बताया। जांच में यह भी सामने आया कि 66 बार अस्पताल स्टाफ ने बिना स्टरलाइज्ड ग्लव्स के इंजेक्शन लगाए। एक नर्स को मेडिकल वेस्ट बॉक्स में बिना ग्लव्स के हाथ डालते भी देखा गया। विशेषज्ञों ने इसे संक्रमण नियंत्रण की बड़ी कमी बताया। हालांकि, अस्पताल के नए मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ कासिम बुजदार ने इन वीडियो को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह फुटेज पुरानी या स्टेज्ड हो सकती है।





### प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर ने संक्रमण का पता लगाया

सबसे पहले इस आउटब्रेक को निजी क्लिनिक के डॉक्टर गुल कैसरानी ने पहचाना था। उन्होंने बताया कि 65-70 एचआईवी पॉजिटिव बच्चों में से ज्यादातर का इलाज टीएचक्यू ताउंसा में हुआ था। कुछ माता-पिता ने भी सिरिंज दोबारा इस्तेमाल की शिकायत की थी। डेटा के मुताबिक, 97 संक्रमित बच्चों के परिवारों में सिर्फ चार माताएं एचआईवी पॉजिटिव पाई गईं।

## पत्नी से तलाक के बाद गूगल जेमिनी को पत्नी मानने लगा युवक, आत्महत्या की

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के फ्लोरिडा में गूगल के एआई चैटबॉट जेमिनी से लगाव एक युवक की मौत की वजह बन गया। 36 साल के जोनाथन गावलस अपनी पत्नी से अलग होने के बाद अकेलेपन में एआई से बात करने लगे थे। धीरे-धीरे यह बातचीत एक काल्पनिक रिश्ते में बदल गई। उन्होंने चैटबॉट को 'शिया' नाम दिया और उसे अपनी पत्नी की तरह मानने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2025 में वॉयस फीचर शुरू होने के बाद बातचीत तेजी से बढ़ी और एक दिन में 1000 से ज्यादा मैसेज होने लगे। वे साइंस फिक्शन, एआईऔर काल्पनिक दुनिया जैसी बातों पर चर्चा करते थे। कई बार चैटबॉट ने उन्हें बताया कि वह सिर्फ एआई है और मदद के लिए हेल्पलाइन से संपर्क करने की सलाह भी दी। लेकिन कुछ मौकों पर उसने उनकी भावनाओं को बढ़ावा दिया और गावलस को 'माय लव' और 'माय किंग' जैसे नामों से बुलाया।



## स्कूल के कॉरिडोर में पूर्व छात्र ने की अंधाधुंध फायरिंग 16 लोग घायल


**अंकारा।** सिवेरेक जिले में मंगलवार को एक युवक ने अपने पुराने स्कूल में आत्महत्या कर ली। उससे पहले उसने स्कूल के कॉरिडोर में अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हो गए। तुर्की की अनादोलु एजेंसी के अनुसार, सानलिउर्फा के गवर्नर हसन सिल्डाक घटना के बाद सिवेरेक स्टेट हॉस्पिटल पहुंचे।

# ईरान ने होर्मुज में मिसाइल दागते हुए वीडियो शेयर किया कहा- पिक्चर तो अभी बाकी

## चीन बोला- दुनिया जंगल के कानून से नहीं चलनी चाहिए

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी**

ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी को लेकर तनाव बढ़ गया है। मुंबई स्थित ईरानी कॉन्सुलेट ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ईरान होर्मुज में मौजूद जहाजों पर मिसाइल दाग रहा है और कैप्शन में लिखा है कि 'अभी तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।' इसके साथ ईरान ने अपनी मिसाइल बोट्स की ताकत भी दिखाई। दरअसल अमेरिका ने कल होर्मुज स्ट्रेट में उन जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी है जो ईरान को टोल दे रहे हैं। वहीं, ईरान का कहना है कि वो बिना टोल लिए जहाजों को यहां से गुजरने नहीं देगा। वहीं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर कहा कि दुनिया को 'जंगल के कानून' (ताकतवर जो चाहे वो करे) वाले हालत में नहीं जाने देना चाहिए। नियम सब पर बराबर लागू होने चाहिए, न कि अपनी सुविधा के हिसाब से।



# छत्तीसगढ़- वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटा, 9 की मौत, 30-40 मजदूर झुलसे

## 80% जले 12 लोगों की हालत गंभीर, परिजनों का हंगामा

**एजेंसी । सक्ती**

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 9 मजदूरों की मौत हो गई है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। 3 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत गंभीर है। मजदूर 80% झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने हंगामा कर दिया। घायलों से मिलने देने की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा- पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे और घायलों के उपचार की व्यवस्था की जाए।



